जबलपुर

बुधवार 25 मार्च 2026


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





शुभ जन्मदिवस
25 मार्च
मध्यप्रदेश के जननायक, विकास के ध्वजवाहक
मान. मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा का संकल्प, प्रगति का विश्वास...

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर बुधवार 25 मार्च 2026




जबलपुर। गोटेगांव के पास स्थित झोतेश्वर जिला नरसिंहपुर में त्रिपुर सुंदरी मां राज राजेश्वरी का मोरपंख श्रृंगार। नव रात्रि में देवी का प्रति दिन अलग अलग श्रृंगार किया जाता है।






## सप्तम दिवस: मां कालरात्रि



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से की बात

# होर्मुज पर जताई चिंता, कहा- होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला सुरक्षित और सुगम बने रहना पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी



नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर बात कर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने की जरूरत पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से विचार किया, क्योंकि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है।

अमेरिकी राजदूत की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई बातचीत में पश्चिम एशिया के हालात और समुद्री सुरक्षा पर फोकस रहा। दोनों नेताओं ने माना कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला रहना जरूरी है ताकि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो। बातचीत के दौरान भारत ने तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुगम बने रहना पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी है। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में स्थिरता और शांति के प्रयासों को लेकर संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

*अब ये युद्ध अपनी समाप्ति की ओर जा रहा है। क्योंकि, पूरी दुनिया के सामने इस वक्त ऊर्जा संकट छा गया है। सारी टेक्नोलॉजी बैठने लगी है। लिहाजा, अब संवाद का दौर शुरु हो गया है*

▶▶ *9 अप्रैल तक जंग खत्म करना चाहता है अमेरिका*

▶▶ *ईरान बोला- ट्रंप डेडलाइन नहीं तय कर सकते हैं*



ईरान के बुशहर में परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास धमाके हुए थे

**ईरानी मीडिया का दावा**

### एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ

ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि मंगलवार को दो गैस संयंत्रों और एक पाइपलाइन को निशाना बनाया गया। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला न करने की टिप्पणी के बाद किया गया।

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अमेरिका से बातचीत के लिए तैयार

#### ट्रंप ने बातचीत का किया था दावा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बातचीत के एक दिन पहले दावा किया था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है और कई मुद्दों पर सहमति बनने की स्थिति है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष समझौता चाहते हैं और अगर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ी तो कुछ ही दिनों में समाधान निकल सकता है।

### ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिका के मध्यस्थ स्टीव विटकॉफ के बीच बातचीत

#### ईरान ने किया था सभी दावों से इनकार

हालांकि ईरान ने ट्रंप के इन सभी दावों को सिरे से खारिज कर दिया था। ईरान के शीर्ष नेताओं ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फर्जी खबरें फैलाकर तेल बाजार और वैश्विक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

**अमेरिका और ईरान के बीच बैक-चैनल बातचीत आगे बढ़ी**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ वार्ता जारी है। अगले 5 दिनों तक ईरान पर हमला नहीं करेंगे। इस दौरान आगे का प्लान बनाएंगे कि क्या करना है। अमेरिका 9 अप्रैल तक जंग खत्म करना चाहता है। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने अल जजीरा से बातचीत में कहा कि ट्रंप के पास डेडलाइन तय करने का अधिकार नहीं है।*



### मिडिल ईस्ट पर सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

## राहुल बोले- अमेरिका और इजराइल जो कहेगा प्रधानमंत्री मोदी वहीं कहेंगे

मिडिल ईस्ट जंग के बीच भारत सरकार ने बुधवार को चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक शाम 5 बजे होगी। बैठक में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। क्योंकि उनका केरल में एक कार्यक्रम पहले तय है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा, हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री मोदी की निजी पॉलिसी बन गई है। अब यह एक यूनिवर्सल मजाक जैसा हो गया है। अगर हमारे प्रधानमंत्री कॉम्प्रोमाइज्ड हैं तो फॉरेन पॉलिसी कॉम्प्रोमाइज्ड है। अमेरिका और इजराइल जो कहेगा प्रधानमंत्री मोदी वहीं कहेंगे।



राहुल गांधी


### पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत का कदम

## स्वदेशी जहाज तैयार करने पर खर्च होंगे 70,000 करोड़ रुपए, पीएम का ऐलान

राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि आयात के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपए की विशाल स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना शुरू की है। भारत का 90 प्रतिशत से अधिक तेल विदेशी जहाजों पर होता है, यह स्थिति किसी भी वैश्विक संकट में भारत की स्थिति को और भी गंभीर बना देती है। इसलिए सरकार ने मेड इन इंडिया जहाज बनाने के लिए करीब 70 हजार करोड़ रुपए का अभियान शुरू किया है। भारत आज जहाज निर्माण पर तेज गति से काम कर रहा है।

## मैहर में असिस्टेंट प्रोफेसर ने चलती बस में की अश्लीलता

**मैहर।** अमरपाटन स्थित शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) महाविद्यालय के एक असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा बस में महिला से छेड़छाड़ का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो भी बना लिया। पुलिस ने मंगलवार को असिस्टेंट प्रोफेसर आलोक सिन्हा को आरोपी बनाते हुए एफआइआर दर्ज कर ली। आरोपी दिल्ली का निवासी है और मैहर में अकेले रहकर 2015 से अमरपाटन में कार्यरत है।



## बायोमीट्रिक से 5,000 रुपए तक कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट

**नई दिल्ली।** भीम एप में नया फीचर आया है, जिससे बिना पिन के भी पेमेंट की जा सकती है। दरअसल, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भीम बायोमेट्रिक से 5,000 रुपए सर्विसेज लिमिटेड ने मंगलवार को भीम पेमेंट्स एप में यूपीआई पेमेंट के लिए नया बायोमीट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर लॉन्च किया है।


### एलपीजी की कमी के कारण लोग इंडक्शन उपयोग कर रहे

## खाना पकाते समय बम की तरह फटा इंडक्शन



*बाल-बाल बचा परिवार*

**नरसिंहपुर।** एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के बीच लोग जिस इलेक्ट्रिक इंडक्शन को सुरक्षित विकल्प मान रहे थे, वही अब जोखिम का कारण बनता दिख रहा है। नरसिंहपुर जिले के ग्राम खैरीनाका में मंगलवार दोपहर एक इंडक्शन चूल्हा अचानक फट गया, जिससे किचन में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय गृहिणी हेमा जाट अपने दो बच्चों के साथ किचन में मौजूद थीं। वह बेटे के स्कूल से लौटने के बाद उसके लिए इंडक्शन पर खिचड़ी बना रही थीं। जैसे ही उन्होंने बर्तन उतारने की कोशिश की, अचानक तेज धमाका हुआ। यह इंडक्शन महज छह महीने पहले खरीदा था, जिस पर कंपनी ने तीन साल की वारंटी दी थी।



## अमेरिकी बिजनेसमैन ने राजस्थान रॉयल्स को 15 हजार करोड़ में खरीदा

**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी डील सामने आई है, जहां राजस्थान रॉयल्स को एक अमेरिकी बिजनेसमैन ने रिकॉर्ड कीमत में खरीद लिया है। यह सौदा करीब 15000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा में हुआ है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। दरअसल, अमेरिका में बसे एंटरप्रेन्योर काल सोमानी ने एक बड़े निवेशक समूह (कंसोर्टियम) के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स को लगभग 1.63 बिलियन डॉलर यानी करीब 15300 करोड़ रुपए में खरीद लिया है।



## चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें रहेंगी खाली

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में आईपीएल 2026 के मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें खाली रखने की योजना भी बनाई है। आरसीबी ने पिछले साल ट्रॉफी जीती थी। स्टेडियम में जश्न के दौरान भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। जिसकी आलोचना हुई थी।









# भाजपा ने बिहार के सांसद-विधायकों को मैदान में उतारा, 'एक हफ्ता, एक क्षेत्र' का टास्क पूरा करने को कहा, सीएम ममता भी पीछे नहीं

## बिहार के 19 सांसद, 89 विधायक, 25 विधान पार्षद एवं 136 पूर्व विधायकों को काम पर लगाया

*पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। बिहार भाजपा के सांसद और विधायक दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में सभी विधायकों एवं सांसदों की आभासी बैठक हुई।सांसदों एवं विधायकों को खासतौर पर बंगाल के साथ असम में कम से कम एक सप्ताह समय देने का टास्क दिया गया है।*


एजेंसी ⏭ पटना नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा रणनीति को धार देने में जुट गई है। बिहार भाजपा के सांसद और विधायक दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में सभी विधायकों एवं सांसदों की आभासी बैठक हुई।

सांसदों एवं विधायकों को खासतौर पर पश्चिम बंगाल के साथ असम के अलग-अलग जिलों में कम से कम एक सप्ताह समय देने का टास्क दिया गया है। इन्हें बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने, स्थानीय कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित करने एवं चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में बनाने जैसे काम दिए गए हैं। इन्हें अपने कामकाज का लिखित विवरण भी देना होगा। बिहार के 19 सांसद, 89 विधायक, 25 विधान पार्षद एवं 136 पूर्व विधायकों को इसमें लगाया गया है।सांसदों-विधायकों के अलावा शेष जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्य रूप से प्रवास का दायित्व दिया गया है। पार्टी प्रवास कार्यक्रम का थर्ड पार्टी मानीटरिंग साथ ही दायित्व का लेखा-जोखा मंगाएगी।

**पश्चिम बंगाल में ज्यादा जोर दिया**

5 राज्यों में विधानसभा चुनाव और उप चुनावों पर सभी पार्टियां दिखाने लगी दमखम



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी करेंगे नेतृत्व

**प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी**

इन नेताओं के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा भी की जाएगी। उन्हें बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने, जनसंपर्क अभियान चलाने और स्थानीय मुद्दों को समझकर उसके अनुसार रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा ने गठबंधन की जीत के लिए कई स्तर पर किए सुधार



भाजपा नेताओं के अनुसार इस चुनाव में गठबंधन की जीत के लिए कई स्तर पर सुधार किए हैं। इस चुनाव में अन्नाद्रमुक को 178, भाजपा को 27, पीएमके को 18 और अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) को 11 सीट दी है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस बार एएमएमके को भी साथ में लेकर चल रहे हैं। साल 2018 में टीटीवी दिनाकरन ने अन्नाद्रमुक से अलग होकर बना एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम बना लिया था। पार्टी के अलग होने के बाद दोनों को नुकसान हुआ था।इस चुनाव में गठबंधन जीत की हर संभावनाओं पर काम कर रहा है। नागरकोइल से विधायक एमआर गांधी का कहना है कि इस बार राजग की जीत होगी। वहीं अन्य नेताओं का कहना है कि पार्टी साल 2016 की तरह प्रदर्शन करेगी। इस चुनाव में पार्टी अपने पुराने सहयोगियों के साथ मैदान में हैं।

### समन्वय की जिम्मेदारी

इन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय संगठन के साथ समन्वय स्थापित करें, बूथ कमेटियों को सक्रिय बनाएं और चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में तैयार करें।भाजपा नेतृत्व का यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पश्चिम बंगाल में पार्टी को कड़ी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बाहरी राज्यों के अनुभवी नेताओं को मैदान में उतारकर पार्टी अपनी रणनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश कर रही है।बिहार के नेता पहले भी अन्य राज्यों के चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका प्रभावी मानी जाती है।


## भाजपा के सबसे बड़े गढ़ से शुरू करेंगी चुनावी अभियान

### ममता का बड़ा ऐलान



सीएम ममता बेनर्जी पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार में अब उतरने जा रही हैं। ममता का चुनावी प्रचार अभियान उत्तर बंगाल से शुरू होकर पूरे बंगाल तक चलेगा। बेनर्जी ने इस बार उत्तरी बंगाल से चुनाव प्रचार करने का फैसला किया है। पिछले दो चुनावों में भाजपा को इस इलाके में जबरदस्त सफलता मिली थी। ममता पहले चरण में उत्तरी बंगाल और दूसरे चरण में वह दक्षिण बंगाल का रुख करेंगी।

## बेनर्जी ने भाजपा पर चुनाव आयोग में दबाव का आरोप लगाया



कोलकाता एयरपोर्ट पर बयान देते हुए ममता ने कहा कि केरल भाजपा इकाई के चुनाव आयोग पत्र पर लगी मुहर साफ दिखाती है कि चुनाव आयोग को पीछे से कौन चला रहा है।ममता बनर्जी ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक या तकनीकी गलती नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक साजिश है। उनका आरोप है कि भाजपा चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है और चुनाव आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। इसके पहले भी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस अर्जी पर शीर्ष अदाल में सुनवाई भी चल रही है।

#### पर्यवेक्षकों ने निगरानी का दिया सुझाव

## तमिलनाडु में चुनाव में होने वाली गड़बड़ी रोकेगा ड्रोन

तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों की तारीखें पास आते ही चुनाव पर्यवेक्षकों ने वोट के बदले नकद भुगतान की प्रथाओं के खिलाफ निगरानी तेज करने के लिए ड्रोन तैनात करने की सिफारिश की है, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में जहां निगरानी एक चुनौती बनी हुई है।यह सुझाव विशेष पर्यवेक्षक के नेतृत्व में हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया, जिसमें चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम सहित प्रमुख जिलों के सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों को एक साथ लाया गया था।



### तमिलनाडु बना संवेदनशील राज्य

तमिलनाडु को व्यय-संवेदनशील राज्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसके चलते प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। प्रवर्तन एजेंसियों ने पूरे राज्य में जांच तेज कर दी है। हवाई दस्ते और स्थिर निगरानी टीमों ने अब तक लगभग 151 करोड़ नकदी और कीमती सामान जब्त किया है।

## केरल विधानसभा चुनाव

### पेरावूर सीट पर होगा कड़ा सियासी मुकाबला

केरल के कन्नूर जिले की पेरावूर विधानसभा सीट पर सियासी जंग तेज हो गई है। यह क्षेत्र ज्यादातर खेती पर निर्भर लोगों का इलाका है और अपेक्षाकृत शांत माना जाता है, लेकिन पहाड़ी इलाके और यहां समय-समय पर जानवरों और इंसानों के संघर्ष की घटनाओं के कारण इसे चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इस सीट पर सीबीआई एम ने केरल की चर्चित नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा को उम्मीदवार बनाया है।

## खबर संक्षेप

### सीएम नीतीश बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार मंगलवार को एक बार फिर निर्विरोध रूप से जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। नामांकन वापसी की समयसीमा समाप्त होने के बाद उनके अलावा किसी का नामांकन नहीं आया। वे अकेल मैदान में रहे। राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद निसार ने बताया कि उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया।

### लालू की एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने सीबीआई की एफआईआर और आरोपपत्र को रद्द करने की लालू की अर्जी को खारिज कर दिया है। यह घोटाला पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर स्थित जोन में हुआ था।

### दिल्ली बजट: महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपए



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में 1,03,700 करोड़ का बजट पेश हुआ। बजट में महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिखा। महिलाओं के कौशल को बाजार से जोड़ने का सेतु बनाया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ का आवंटन किया गया है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को लैप टाप और साइकिलें दी जाएगी

### पंजाब में वित्तमंत्री चीमा संभालेंगे परिवहन



**अमृतसर।** पंजाब सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के पोर्टफोलियो में फेरबदल किया है। पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के इस्तीफे और गिरफ्तारी के बाद उनके दोनों विभाग दूसरे मंत्रियों को दिए गए हैं। वित्त मंत्री हरपाल चीमा को ट्रांसपोर्ट विभाग दिया गया है। वहीं जेल विभाग की जिम्मेदारी डॉ. रवजोत को दी गई है।

#### सरकार की ओर से संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी जानकारी

# देशभर में एलपीजी की डिलिवरी सामान्य पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के दिए निर्देश

### *पश्चिम एशिया संकट के बीच देश के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा*



- ***मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया***
- ***लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी***




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। साथ ही, सिटी गैस वितरण संस्थाओं को पीएनजी कनेक्शन के विस्तार के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं।

संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि, बड़ी संख्या में कार्गो लाइन में लगे हुए हैं। देश भर के एलपीजी वितरकों के पास किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। उपभोक्ताओं में कमी की आशंका के कारण देशभर में घरेलू गैस सिलेंडर की मांग अचानक काफी बढ़ गई थी। आम दिनों की अपेक्षा मांग करीब डेढ़ गुना तक पहुंच गई थी, जिसने किल्लत को और बड़ा दिया था।

### पीएनजी कनेक्शन का विस्तार करने पर दिया जोर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनआरजीबी) ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इस आदेश में सभी सिटी गैस वितरण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं। उन्हें आवासीय स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने होंगे। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक रसोई और आंगनवाड़ी रसोई को भी पांच दिनों के भीतर कनेक्शन देने को कहा गया है। यह निर्देश उन सभी स्थानों पर लागू होगा जहां पाइपलाइन का बुनियादी ढांचा पास में उपलब्ध है।

### सभी भारतीय लोग और हमारे जहाज सुरक्षित

प्रेस वार्ता के दौरान पोत व परिहन मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश सिन्हा ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में कोई समुद्री घटना दर्ज नहीं की गई है। कल देर शाम, भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक जहाज, पाइन गैस और जग वसंत, दोनों एलपीजी से भरे हुए हैं।दोनों जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। पाइन गैस 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा है और संभवतः 27 मार्च की सुबह न्यू मैंगलोर बंदरगाह पर पहुंचेगा। दूसरा एलपीजी वाहक जहाज, जग वसंत, लगभग 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा है और कांडला की ओर बढ़ रहा है, जिसके 26 मार्च को पहुंचने का अनुमान है।इस प्रकार, फारस की खाड़ी से इन दो जहाजों के प्रस्थान के साथ, अब फारस की खाड़ी में 540 भारतीय नाविकों को ले जाने वाले 20 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं। किसी भी बंदरगाह पर भीड़भाड़ की कोई सूचना नहीं है।

### पिछले दिनों कुछ घबराहट में बुकिंग देखी गई

संयुक्त सचिव सुजाता ने यह भी बताया कि पिछले दिनों कुछ घबराहट में बुकिंग देखी गई थी। लेकिन एलपीजी की डिलिवरी सामान्य बनी हुई है। मंत्रालय ने आश्वस्त किया है कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति भी पर्याप्त मात्रा में हो रही है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी की आपूर्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित की गई है।

### आमलोग अफवाहों पर ध्यान न दें

संयुक्त सचिव शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी खुदरा दुकानों पर सामान्य परिचालन जारी है। उन्होंने दोहराया कि ईंधन स्टेशनों पर पर्याप्त पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। उन्होंने आम जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की। साथ ही, घबराहट में खरीदारी से बचने का आग्रह किया। यह सुनिश्चित किया गया है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है।

#### राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा

## युद्ध ने वैश्विक संकट खड़ा किया लंबे समय तक रहेगा इसका असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया संकट को लेकर राज्यसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और उससे बनी परिस्थितियों से हम सभी परिचित हैं। मैं संसद के उच्च सदन और देशवासियों के सामने इन विकट परिस्थितियों पर सरकार का पक्ष रखने के लिए पेश हुआ हूं। इस युद्ध ने पूरे विश्व में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत के लिए भी ये स्थिति चिंताजनक है। पीएम मोदी ने कहा कि इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं।

पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों जैसे जरूरी सामानों की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रह रहे हैं। यह भारत के लिए बड़ी चिंता है। होर्मुज में भारत के कई जहाज फंसे हैं, उनमें बड़ी संख्या में चालक दल के भारतीय सदस्य हैं। ऐसी विकट परिस्थिति में आवश्यक है कि भारत की उच्च सदन से शांति और संवाद की एकजुट आवाज पूरे विश्व में जाए।



### भारत 41 देशों से तेल व गैस का आयात कर रहा

पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी संकट हमारे हौसलों और प्रयासों की परीक्षा लेता है। देश ऐसे संकटों का बेहतर तरीके से सामना कर सके, इसके लिए बीते 11 वर्षों में लगातार प्रयास किए गए हैं। एनर्जी आयात का विविधीकरण किया गया है। पहले गैस और कच्चा तेल 27 देशों से आयात किया जाता था आज भारत 41 देशों से तेल और गैस आयात करता है।

### कूटनीतिक माध्यम से हो शांति बहाली

पीएम मोदी ने हमारा लक्ष्य संवाद कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति की बहाली का है। हमने होर्मुज को खोलने के लिए बात की है। व्यवसायिक जहाजों पर हमला और होर्मुज स्ट्रेट बाधित किया जाना अस्वीकार्य है। भारत ने नागरिकों, असैन्य ढांचों और ऊर्जा से जुड़ी बुनियादी संरचना पर हमलों का विरोध किया है। भारत डिप्लोमैसी के जरिए भारतीय जहाजों की आवाजाही के लिए सतत प्रयास कर रहा है। भारत ने समस्या के समाधान के लिए संवाद का ही रास्ता सुझाया है।

**लाखों भारतीय सुरक्षित भारत लौटे**

इस युद्ध में किसी भी जीवन पर संकट मानवता के हित में नहीं है। भारत का सतत प्रयास सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहित करने का है। इस स्थिति में भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। युद्ध के बाद से 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित भारत लौट चुके हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में व्यवस्था पर की सख्त टिप्पणी

## तमाम जगह आराम से हो गया एसआईआर, बंगाल में दिक्कत क्यों ?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर राज्य सरकार की आपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। राज्य सरकार ने अपील की कि वोटिंग से कुछ पहले तक लिस्ट को सही करने का काम चलता रहे, इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एसआईआर को लेकर सिर्फ बंगाल में दिक्कतें हैं, बाकी राज्यों में तो आराम से हो गया। बंगाल की तरफ से सीनियर एडवोकेट श्याम दीवान ने कहा कि पहले दौर के मतदान के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 6 अप्रैल है। उसके बाद वोटर लिस्ट में बदलाव नहीं हो सकता। अभी हटाए गए लाखों लोगों के दावों पर फैसला नहीं हो सका।



### आयोग ने दिक्कतों की जानकारी दी, अब 1 अप्रैल को सुनवाई

ईसी की तरफ से सीनियर एडवोकेट डीएस नायडू ने कहा कि जो व्यवहारिक दिक्कतें आ रही हैं, उन पर हम एक रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दे रहे है। हम अनुरोध करेंगे कि आप इसे देखें। कोर्ट ने कहा कि वह 1 अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई करेगा। आयोग इन लोगों के दावों और आपत्तियों की जांच कर रहा है।

### कल्याण ने तबादलों पर भी उठाए सवाल

सीजेआई ने उनकी इस अपील पर कहा कि दूसरे राज्यों में एसआईआर आराम से हो गया। पश्चिम बंगाल में ही इतनी दिक्कत हो रही हैं। दूसरे राज्यों में बंगाल से ज्यादा लोगों के नाम लिस्ट से कटे हैं। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद और सीनियर एडवोकेट कल्याण बेनर्जी भी कोर्ट में मौजूद थे। सीजेआई की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि कहीं और इस तरह की तार्किक विसंगतियों की वोटर लिस्ट जारी नहीं हुई है और न ही रात को तीन बजे मुख्य सचिव के तबादले का नोटिफिकेशन जारी किया गया।

#### सिब्बल को चेतावनी

### ईडी-ईडी की रट न लगाएं मुश्किल में पड़ जाएंगे

सुनवाई में कपिल सिब्बल ने ईडी की याचिका की वैधता पर ही सवाल खड़े कर किए। उन्होंने कहा कि यह याचिका एक डिप्टी डायरेक्टर के जरिए दायर की गई है जो घटना के समय मौके पर मौजूद ही नहीं थे। ऐसे में यह याचिका सुनवाई योग्य कैसे हो सकती है? सुनवाई में चर्चित पल तब आया जब कोर्ट ने सिब्बल को सीधे चेतावनी दी कि ईडी- ईडी की रट मत लगाइए। मुद्दे पर आइए, अन्यथा मुश्किल में पड़ जाएंगे।



#### तकनीक और स्वास्थ्य विज्ञान का मिलन

## ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के इलाज में मदद करेगा एआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सहित दुनिया भर में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। समय पर पहचान की कमी और जांच संसाधनों के अभाव के कारण महिलाओं में पनपने वाले इस कैंसर के इलाज में देरी हो जाती है।

अब तकनीक और स्वास्थ्य विज्ञान के मिलन से एक नई उम्मीद जगी है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती भूमिका अब कैंसर के शुरुआती निदान और सटीक उपचार में क्रांतिकारी



बदलाव लाने की तैयारी में है। गूगल के हेल्थ ऑफिसर के ने बताया कि एआई की मदद से मैमोग्राफी और स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को न केवल तेज़ किया जा सकता है। ये साझेदारी खासतौर पर उन क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो सकती है। डॉ. कैरन डी साल्वो ने बताया कि टेक्नोलॉजी के जरिए हेल्थकेयर को बेहतर बनाया जा सकता है।

**जबलपुर**

**बुधवार 25 मार्च 2026**

चैत्र मास शुक्ल पक्ष –7

वर्ष : 20, अंक : 323

पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3 .00 *

**मौसम**

अधि. 29

न्यून. 17

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



10 पेट्रो समस्या और आज का भारत





मैट्रो

6 शराब व्यापार मौलिक अधिकार ...


### सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट पर सुनाया बड़ा फैसला

# ईसाई धर्म अपनाने के बाद एससी एसटी का खत्म हो जाएगा 'दर्जा'

*अदालत ने कहा कि हिंदू धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि धर्म परिवर्तन करने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का दर्जा पूरी तरह से खो देता है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अगर कोई व्यक्ति उदाहरण के लिए ईसाई धर्म अपना लेता है और ईसाई धर्म के अनुसार जीवन जी रहा है तो उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति नहीं माना जा सकता।

अदालत ने कहा कि हिंदू धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा सांविधानिक आदेश, 1950 में साफ कहा गया है कि खंड-3 में बताए गए धर्मों के अलावा किसी भी धर्म में धर्मांतरण करने पर जन्म के बावजूद, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। यह आदेश एक ऐसे व्यक्ति के मामले में दिया गया, जिसने ईसाई धर्म अपना लिया था और अब पास्टर के तौर पर काम कर रहा है, लेकिन उसने कुछ लोगों के खिलाफ एससी-एसटी (अत्याचार रोकथाम) कानून के तहत मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज कराने वाले व्यक्ति ने एससी-एसटी कानून के तहत संरक्षण की मांग की थी। हालांकि, जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, उन्होंने इसे चुनौती दी और दावा किया कि पीड़ित ईसाई धर्म अपना चुका है।

**सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा**



### सांविधानिक आदेश, 1950 ये कहता है?

**खंड-3 में बताए गए धर्मों के अलावा किसी भी धर्म में धर्मांतरण करने पर जन्म के बावजूद, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है**

### हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट की धाराओं को हटाने का आदेश दिया

*30 अप्रैल 2025 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं है। ऐसे में पीड़ित व्यक्ति एससी-एसटी कानून के प्रावधानों का लाभ लेने का पात्र नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज धाराओं को खत्म करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पेस्टर ने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटीशन दायर की।*

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

## अपीलकर्ता ईसाई धर्म का पालन करता है

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि इस मामले में ये अहम नहीं है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म से अपने मूल धर्म में धर्मांतरित हो गया है या उसे उसके मूल समुदाय द्वारा स्वीकार किया गया है या नहीं। बल्कि सबूतों से ये सिद्ध होता है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म का पालन करता है और एक दशक से अधिक समय से बतौर पादरी काम कर रहा है। वह गांव के घरों में नियमित तौर पर रविवार की प्रार्थनाएं आयोजित करता है। इस तथ्यों से इस बात में कोई शक नहीं है कि घटना के समय वह ईसाई बना रहा।



प्रशांत कुमार मिश्रा



एनवी अंजारिया

---

### कोर्ट से मिली थी इच्छा मृत्यु की इजाजत

## 13 साल तक कोमा में रहे थे एम्स में हरीश राणा का निधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का मंगलवार को निधन हो गया है। 13 वर्षों से कोमा जैसी अवस्था में रह रहे हरीश राणा ने दिल्ली स्थित एम्स में अंतिम सांस ली। हरीश राणा का मामला देश में गरिमा के साथ मृत्यु के अधिकार (राइट टू डाई विद डिग्निटी) पर एक ऐतिहासिक निर्णय माना गया था। हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुमति देते हुए उनकी सम्मानपूर्वक मृत्यु के लिए एम्स प्रबंधन को जीवनरक्षक उपचार हटाने (लाइफ सपोर्ट विदड्राल) की इजाजत दी थी।




■ सभी जीवन रक्षक प्रक्रियाएं हटा ली गईं थीं

### रामलला और हनुमान गढ़ी के करेंगे दर्शन

## राममंदिर बनने के बाद पहली बार अयोध्या जाएंगे दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह 26 मार्च को अयोध्या जा रहे हैं। राम मंदिर के निर्माण के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा होगा। खास बात यह है कि सिंह ने मंदिर निर्माण के दौरान ही घोषणा की थी कि जब प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा, वे तभी दर्शन करने जाएंगे। अब जबकि मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है, वे अपना संकल्प पूरा करने पहुंचेंगे। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर निर्माण के लिए 1 लाख 11 हजार 111 रुपए की निधि समर्पित की थी।



■ मंदिर पूरा होने पर दर्शन करने का लिया था संकल्प

### इंदौर में ब्रेन डेड युवक का अंगदान

## लिवर-किडनी का ट्रांसप्लांट 3 मरीजों को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में शुजालपुर के रहने वाले अनुपम नालमे (34) के ब्रेन डेड होने के बाद उसके परिवार ने अंगदान का फैसला लिया। मंगलवार को बने 67वें ग्रीन कॉरिडोर के जरिए लिवर और दोनों किडनी तीन मरीजों को ट्रांसप्लांट की गईं। नालमे को 20 मार्च को घर पर सीवियर ब्रेन हेमरेज हुआ था। उन्हें पहले वी-वन हॉस्पिटल और फिर 22 मार्च को सीएचएल केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दो बार जांच के बाद ब्रेन डेड घोषित किया। मुस्कान ग्रुप के सेवादारों की काउंसलिंग के बाद परिवार ने अंगदान की सहमति दी।



■ अब तक का 67वां ग्रीन कॉरिडोर बना

---

### रेलवे के नए नियम: किसी भी स्टेशन से कराया जा सकता है टिकट कैंसिल

## 8 घंटे से कम वक्त में टिकट कैंसिल किया तो नहीं मिलेगा उसका 'रिफंड'

**टिकट को यात्रा से 72 घंटे पहले रद्द किया जाता है तो अधिकतम रिफंड मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन से जुड़े नए नियम जारी किए हैं। इन नियमों के मुताबिक अगर आखिरी समय में टिकट कैंसिल किया गया तो कोई रिफंड नहीं मिलेगा।अगर यात्री ट्रेन टिकट अपने निर्धारित यात्रा समय से 8 घंटे से कम समय पहले रद्द करते हैं तो उन्हें कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा। कैंसिलेशन के लिए पेनल्टी अवधि की जानकारी देते हुए बताया गया कि अगर टिकट को यात्रा से 72 घंटे पहले रद्द किया जाता है तो अधिकतम रिफंड मिलेगा। अगर टिकट 72 से 24 घंटे के बीच रद्द किया जाता है तो किराए का 25% काटा जाएगा। जबकि 24 से 8 घंटे के बीच रद्द करने पर 50% पैसा काट लिया जाएगा। टिकटिंग सेवाओं में सुधारों पर बात करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एजेंटों और दलालों द्वारा टिकटों की जमाखोरी को रोकने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं।



फाइल फोटो


### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये अहम कदम उठाए

1. तत्काल बुकिंग के लिए आधार आधारित **OTP** लागू किया गया है
2. एजेंटों के लिए पहले 30 मिनट तक तत्काल टिकट बुकिंग पर रोक लगाई गई है
3. गैर-प्रामाणिक (फर्जी) यूजर्स को हटाने के लिए एंटी-बॉट सिस्टम जोड़ा गया है
4. इसके अलावा, 3 करोड़ संदिग्ध आईडी पहले ही डीएक्टिवेट की जा चुकी हैं





| आज ही जुड़ें, भुगतान कम करें | आयु | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 1000 | 42 प्रति माह | 5000 | 210 प्रति माह |
| | 40 | 1000 | 291 प्रति माह | 5000 | 1454 प्रति माह |



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन में संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए किया आमंत्रित

- मुख्यमंत्री ने वृंदावन में जीवनदीप आश्रम लोकार्पण कार्यक्रम को किया संबोधित
- कहा- जीवनदीप आश्रम होगा आशा करुणा और सेवा का प्रकाश स्तंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मथुरा-गोकुल के समान मप्र भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता रहा है। उज्जयिनी में वर्तमान में सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। उन्होंने जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण में आए समस्त संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए आमंत्रित किया।

# भगवान श्रीकृष्ण के विराट व्यक्तित्व में सांदीपनि आश्रम का योगदान महत्वपूर्ण


जीवनदीप आश्रम में 'सनातन धर्म और जीवन दर्शन' पुस्तक का विमोचन करते हुए

### मप्र से मथुरा-वृंदावन-गोकुल का जीवंत संपर्क

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र से मथुरा-वृंदावन-गोकुल क्षेत्र का 5000 वर्ष से जीवंत संपर्क रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ब्रज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए थे। इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वृंदावन में जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर जीवनदीप पीठाधीश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि, महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, साध्वी ऋतंभरा सहित समस्त संत वृंद तथा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मौजूद रहे।*

## संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले- घुसपैठियों को रोजगार मत दो, ये लोग गड़बड़ी करते हैं


डॉ. मोहन भागवत

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने संतों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। संघ प्रमुख ने धर्मांतरण पर कहा- जो लोग पहले हिंदू थे, अब दूसरे संप्रदायों में चले गए हैं, उन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी हैं। अगर वो खुद ही वापस आना चाहते हैं तो हमें दरवाजे खुले रखने चाहिए। समाज का दायित्व है कि जैसे ही किसी घुसपैठिए का पता चले, अधिकारियों को बताएं। वैसे तो हमें भेदभाव नहीं करना है, लेकिन जो देश में चोरी-छिपे आए हैं, कभी-कभी बड़ी गड़बड़ियों का कारण बनते हैं, ऐसे लोगों के लिए हमें स्पष्ट रहना होगा कि हम उन्हें रोजगार नहीं देंगे। समाज और प्रशासन को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए कि धर्मांतरण और घुसपैठ को रोका जाए। संघ प्रमुख ने हिंदुओं को तीन बच्चे पैदा करने की अपनी सलाह फिर से दोहराई। उन्होंने कहा- डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी परिवार में तीन संतान होती हैं तो माता-पिता और बच्चों के सेहतमंद होने की संभावना बढ़ जाती है।

## बादशाह ने ईशा रिखी से गुपचुप रचाई शादी

**नई दिल्ली।** रैपर-सिंगर बादशाह ने शादी कर ली। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आई हैं।



जिन्हें देखकर कहा गया कि बादशाह ने अपनी गर्लफ्रेंड ईशा रिखी संग सीक्रेट वेडिंग कर ली है। ये उनकी दूसरी शादी है। तस्वीरों में बादशाह और ईशा पारंपरिक शादी के लुक में नजर आ रहे हैं। दुल्हन बनीं ईशा ने लाल रंग का खूबसूरत ब्राइडल आउटफिट पहना हुआ है, वहीं दूल्हा बने बादशाह भी ट्रेडिशनल अंदाज में दिख रहे हैं।

## पीआईएल की लिस्टिंग में देरी
# सीजेआई की बेंच ने कहा कुछ तो गड़बड़ चल रहा है



रजिस्ट्री की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल 10 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री की कार्य प्रणाली पर ही सवाल उठा दिए हैं। मामला एक जनहित याचिका (पीआईएल) से जुड़ा है, जिसे अगली सुनवाई के लिए एक साल से भी ज्यादा समय से लटका कर रखा जा रहा है। संबंधित पीआईएल पर आखिरी सुनवाई पिछले साल फरवरी में हुई थी और उसके बाद इसे सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने लाया ही नहीं गया है।

## खंडवा में अनोखा विरोध प्रदर्शन
# घुटनों के बल लेटकर कलेक्ट्रेट पहुंचे लोग



जनसुनवाई में गाकर विरोध सीमांकन के आश्वासन के बाद लौटे

**खंडवा।** यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को सूरजकुंड वार्ड के रहवासियों और नेता प्रतिपक्ष ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी घुटनों के बल चलते और लेटते हुए जनसुनवाई तक पहुंचे, जिससे पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में हलचल मच गई। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के हॉल में भी घुस गए, जहां उन्होंने करीब एक घंटे तक धरना दिया।

## जीवन बीमा कंपनियों ने FY25 में 6.30 लाख करोड़ का भुगतान किया

**जबलपुर।** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, भारत की जीवन बीमा कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में कुल 6.30 लाख करोड़ रुपये का लाभ भुगतान किया, जिससे यह क्षेत्र घरेलू वित्तीय सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है। कमलेश राव, अध्यक्ष, बीमा जागरूकता समिति (IAC-Life) ने कहा कि जीवन बीमा उद्योग अब केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक वित्तीय भागीदारी निभा रहा है। कुल भुगतान का 92% हिस्सा जीवन निर्वाह लाभों के रूप में दिया गया।रिपोर्ट के अनुसार, 2.33 लाख करोड़ रुपये निकासी और सरेंडर के रूप में दिए गए, जो पिछले वर्ष से 1.77% अधिक है। पॉलिसीधारक इस राशि का उपयोग शिक्षा, घर खरीदने और अन्य जीवन लक्ष्यों के लिए कर रहे हैं। सॉल्वेंसी अनुपात भी नियामक सीमा 1.50 से ऊपर बना रहा, जबकि लगभग 100% क्लेम सेटलमेंट रेशियो ने उद्योग की विश्वसनीयता को दर्शाया। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच जीवन बीमा क्षेत्र देश की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता रहेगा।

## नागपुर में 86 वर्षीय महिला का रोबोटिक सर्जरी से सफल कोलन कैंसर इलाज



**जबलपुर।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के डॉक्टरों ने 86 वर्षीय महिला का कोलन कैंसर का सफल इलाज कर एक मिसाल पेश की है। मरीज स्टेज-2 कैंसर से पीड़ित थीं और आंत में बड़ा ट्यूमर होने के कारण तत्काल सर्जरी जरूरी थी।डॉ. अभिनव देशपांडे (डायरेक्टर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) के नेतृत्व में टीम ने रोबोट-असिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की, जो करीब छह घंटे चली। मरीज पहले से हाई ब्लड प्रेशर, एट्रियल फिब्रिलेशन और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही थीं, जिससे ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था। आधुनिक रोबोटिक तकनीक की मदद से सर्जरी सफल रही और मरीज तेजी से ठीक हुईं। ऑपरेशन के अगले दिन ही वह बैठने-चलने लगीं और पांच दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. देशपांडे के अनुसार, नई तकनीकों की मदद से बुजुर्ग मरीजों में भी सुरक्षित और प्रभावी कैंसर इलाज संभव है, जिससे रिकवरी तेज होती है और जोखिम कम होता है।

## चेतक स्क्रीन अवाड्र्स: 'धुरंधर' 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे

### 5 अप्रैल के समारोह से पहले 'सैयारा' और 'होमबाउंड' भी दौड़ में शामिल

**मुंबई।** चेतक स्क्रीन अवाड्र्स के आगामी समारोह के लिए सभी 31 श्रेणियों में नामांकन घोषित कर दिए गए हैं। यह समारोह 2025 की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों और OTT कंटेंट का सम्मान करेगा। आदित्य धर की स्पाय थ्रिलर धुरंधर 24 नॉमिनेशंस के साथ सबसे आगे रही, जबकि मोहित सूरी की सैयारा को 17 और नीरज घेवान की होमबाउंड को 15 श्रेणियों में नामांकन मिला। ये नॉमिनेशंस थिएटर और OTT दोनों प्लेटफॉर्म्स के लिए हैं।

'स्क्रीन एकेडमी' ने यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और योग्यता पर आधारित रखी। इस साल एकेडमी के 95% से अधिक सदस्यों ने वोटिंग में भाग लिया और 'ओलंपिक पद्धति' के माध्यम से परिणाम तैयार किए गए। यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया की प्रोफेसर प्रिया जयकुमार द्वारा तैयार स्कोरिंग सिस्टम ने भी गुणवत्ता सुनिश्चित की। 20 वर्षों में पहली बार यह अवार्ड शो लाइव टेलीकास्ट होगा। यूट्यूब, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव के माध्यम से दुनिया भर के दर्शक इसे मुफ्त देख सकेंगे।




# करीब एक चौथाई की गिरावट: बाजार विश्लेषक बोले- सोना 1.15 लाख रु. प्रति 10 ग्राम और चांदी आ सकती है 1.75 लाख रुपए किलो के भाव पर

### 27 जनवरी के बाद सिर्फ 53 दिनों में चांदी करीब आधी रह गई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सर्राफा बाजार में हाल के दिनों में ऐसी तेज गिरावट देखने को मिली है, जिसने निवेशकों को चौंका दिया है। सोना और चांदी, जिन्हें आमतौर पर सुरक्षित निवेश माना जाता है, उनमें भी भारी बिकवाली देखने को मिल रही है।

27 जनवरी के बाद सिर्फ 53 दिनों में चांदी करीब आधी रह गई है, जबकि सोने में भी करीब एक चौथाई की गिरावट आ चुकी है। यह गिरावट केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी दबाव में हैं। बाजार विश्लेषकों के अनुसार यह केवल सामान्य मुनाफावसूली नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते डर, बिकवाली और ब्याज दरों को लेकर बदली उम्मीदों का असर है।

### सराफा बाजार में आगे भी गिरावट का दबाव बना रह सकता है

### चांदी भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है

### सिर्फ सराफा बाजार नहीं, हर असेट क्लास में दबाव



*बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल ने कहा कि यह गिरावट अकेले सोना-चांदी की कहानी नहीं है। दरअसल वैश्विक बाजारों में इस समय निवेशकों का रुख जोखिम से बचने वाला हो गया है। रियल एस्टेट, क्रिप्टोकरेंसी, इक्विटी और कमोडिटी जैसे अलग-अलग एसेट क्लास में दबाव देखा जा रहा है। विश्लेषकों ने दुबई के रियल एस्टेट बाजार, क्रिप्टो बाजार और शेयर बाजार में भी बिकवाली की ओर इशारा किया गया है। इसका मतलब यह है कि निवेशक फिलहाल ज्यादा जोखिम लेने के बजाय नकदी या डॉलर जैसे सुरक्षित विकल्पों की ओर झुक रहे हैं। जब बाजार में व्यापक बिकवाली का माहौल बनता है, तब सोना-चांदी जैसे एसेट भी दबाव से बच नहीं पाते। निकट अवधि में सोना और चांदी में कमजोरी बनी रह सकती है। सोना आगे चलकर 1,15,000 रुपए तक का स्तर छू सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके लिए 3,450 से 3,500 डॉलर प्रति औंस का दायरा बताया गया है। इसी तरह चांदी भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है, जिसका घरेलू एमसीएक्स भाव करीब 1,75,000 रुपए प्रति किलो के आसपास बैठता है। यानी यह संकेत है कि अभी गिरावट पूरी तरह थमी नहीं है और सराफा बाजार में आगे भी दबाव बना रह सकता है।*

### 53 दिनों में सोना-चांदी की चमक फीकी

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर चांदी ने 27 जनवरी के आसपास 4,20,048 रुपए प्रति किलो का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। इसके बाद इसमें तेज गिरावट शुरू हुई और अब यह करीब 2,06,360 रुपए प्रति किलो के आसपास आ गई है। यानी चांदी ने बहुत कम समय में अपनी कीमत का बड़ा हिस्सा गंवा दिया है। सोने की बात करें तो उसने भी इसी अवधि में 1,80,779 रुपए प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया था, लेकिन अब इसके भाव करीब 1,35,800 रुपए तक फिसल गए हैं। इतनी तेज गिरावट ने बाजार में यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सुरक्षित माने-जाने वाला सोना-चांदी में जोखिम उम्मीद से ज्यादा बढ़ गया है।

## डीएस ग्रुप के सहयोग से किसान बन रहे आत्मनिर्भर प्रति एकड़ आय सीजन में 35 हजार रुपए हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कम पैदावार, बढ़ती लागत और कर्ज के बीच गुजारा करना मुश्किल हो गया है, लेकिन मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के गांव येनखेड़ी में रहने वाली महिला किसान वंदना का अपने आत्मनिर्भरता की कहानी लिखी। दो एकड़ जमीन और परिवार की जिम्मेदारी के साथ वंदना पूरी तरह से मौसमी खेती पर निर्भर थीं। वंदना स्वावलंबन और स्थाई खेती का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरी हैं। डीएस ग्रुप की फील्ड टीम द्वारा आयोजित एक जागरूकता सत्र के दौरान वंदना को प्रशिक्षण पहल के बारे में पता चला, जिसका उद्देश्य सरल और स्थाई तरीकों से उत्पादकता बढ़ाना और लागत कम करना था। कृषि विशेषज्ञ विशाल ठाकरे के नेतृत्व में आयोजित डीएस ग्रुप के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वंदना ने अपने पूरे दो एकड़ खेत में मक्के की खेती शुरू की और अच्छे उत्पादन के साथ अच्छी आय प्राप्त में करने सफलता अर्जित की। आज वंदना की आय बढ़कर 30,000 से 35,000 रुपये प्रति एकड़ प्रति सीजन हो गई है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2025 26/46/पी.आर.ओ./1008 दिनांक 24/03/2026 | Lighting & wiring work at Mahatama Gandhi ward no. 25 Nigam Building Jabalpur | 06 माह एवं 414835/- | 2,000/- एवं 4148/- | 13/04/2026 1st Call |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम
जबलपुर

## आवश्यकता

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800 (रायपुर /25/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित

कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्रमांक 01
पंचानन भवन, द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673196
E-mail : laghubpl01@gmail.com, laghubpl2@gmail.com
क्र. : लउनि/निर्माण/संभाग भोपाल/2025-26/4181 भोपाल, दि. : 23.03.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं:- भोपाल संभाग क्र. 01, निविदा क्रमांक 50, कार्य का नाम- 1. **पेंशन कार्यालय भोपाल जिला भोपाल** के न्यू विंग प्रथम तल में इंटीरियर रिनोवेशन, फर्निशिंग मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 130.74 लाख। 2. **औद्योगिक क्षेत्र पितलमील चौराहा विदिशा** जिला विदिशा में आर.सी.सी. ड्रेन, ह्यूम पाइप कल्वर्ट एवं साइन बोर्ड निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 64.54 लाख। भोपाल संभाग क्र. 02, निविदा क्रमांक 39, **कार्य का नाम**- 1. **औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया जिला कटनी** में 132 के.व्ही. सबस्टेशन टिहरी से औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया तक बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत रेलवे और हाइवे क्रासिंग के साथ एच-बीम पर 33 के.व्ही. लाइन शेष कार्य अनुमानित लागत राशि रु. 1,02,12,663.00। 2. **औद्योगिक क्षेत्र कनकी, जिला बालाघाट** में ओवरहेड टैंक, वाटर टैंक (सम्पवेल) एवं जलप्रदाय मय ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 81,75,000.00। निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/125048/2026 — महाप्रबंधक (सं./नि.)

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6175



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 6174 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | ग़ू |

## सूडोकु नवताल - 6185

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 6184 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## ट्रंप के ईरान से शांति वार्ता के दावे के बीच जारी है जंग

# ईरान ने इजराइल और अरब देशों को मिसाइलों से निशाना बनाया

### ईरान का दावा- होर्मुज में शत्रु जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेंगे

### ईरान का कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब में तेल समृद्ध क्षेत्रों में हमला

### भारत-अमेरिका ने ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित किया



एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

ईरान ने मंगलवार तड़के इजराइल और खाड़ी के अरब देशों को निशाना बनाकर लगातार हमले करना जारी रखा और इस दौरान उसकी एक मिसाइल तेल अवीव के मध्य में स्थित सड़क पर गिरी। इजराइल के तेल अवीव में 100 किलोग्राम आयुध ले जाने में सक्षम एक मिसाइल इजराइली रक्षा प्रणाली को भेदते हुए शहर के मध्य में एक सड़क पर जा गिरी। इससे पास की एक इमारत की खिड़कियां टूट गईं और धुआं उठने लगा। मिसाइल गिरने के कुछ मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंचने के बाद बचाव कार्य में जुटे कर्मी योएल मोशे ने बताया कि हमने तबाही, धुआं और अफरा-तफरी देखी। उन्होंने कहा कि 4 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समय सीमा भी आगे बढ़ा दी जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के बिजली संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है। ईरान ने फारस की खाड़ी को खुले महासागर से जोड़ने वाले इस जलडमरूमध्य से कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी है, लेकिन कहा है कि वह अमेरिका, इजराइल या उसके सहयोगियों से जुड़े जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। इस बीच ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि संघर्ष में मरने वाले उसके नागरिकों की संख्या बढ़कर 1,500 से अधिक हो गई है। वहीं, कुवैत में, हवाई रक्षा प्रणाली के छर्रों से बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे कई घंटों तक आंशिक बिजली कटौती हुई। बहरीन में मिसाइल को लेकर अलर्ट सायरन बजे और सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने तेल समृद्ध पूर्वी प्रांत को निशाना बना रहे 19 ईरानी ड्रोन को नष्ट कर दिया।



ईरान का इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर मिसाइल से हमला

### बागेर बने सुरक्षा परिषद के सचिव

ईरान ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के



एक पूर्व कमांडर को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नामित किया। पूर्व कमांडर ने इजराइल-अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए अली लारीजानी की जगह ली है। नए सचिव की पहचान मोहम्मद बागेर जोलघाद्र के रूप में की है। जोलघाद्र रिवोल्यूशनरी गार्ड में ब्रिगेडियर जनरल के पद तक पहुंचे थे। वह ईरान की कार्ययोजना परिषद के सचिव के रूप में कार्य कर रहे थे।

### संघर्ष से मानवता पर असर: यूएन

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता



स्टीफन दुजारिक ने कहा स्वास्थ्य कर्मियों, स्वास्थ्य सुविधाओं और एम्बुलेंस पर लगातार हमले चिंता का विषय हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 64 स्वास्थ्य केंद्रों पर हमले हुए हैं, जिसमें 51 लोग मारे गए और 91 घायल हुए। 1.2 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं और 130,000 से अधिक लोग 600 से अधिक सामूहिक केंद्रों में शरण ली।

### 'जग बसंत' और 'पाइन गैस' दो जहाज एलपीजी ला रहे



भारत के दो और जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को पार कर लिया है और वह भारत की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों भारतीय जहाजों 'जग वसंत' और 'पाइन गैस' ने सोमवार को ही होर्मुज स्ट्रेट को पार कर लिया था। अब दोनों भारत की ओर बढ़ रहे हैं। 'जग वसंत' पर 33 और 'पाइन गैस' पर 27 भारतीय नाविक सवार हैं। 'जग वसंत' के 26 मार्च और 'पाइन गैस' के 28 मार्च को भारत पहुंचने की उम्मीद है। दोनों जहाज एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। इन दोनों जहाजों पर 92,612.59 टन एलपीजी है। इतनी एलपीजी भारत की एक दिन की खपत के बराबर है।

### जयशंकर ने मार्को रूबियो से की बात



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री से फोन पर बात की। इस दौरान पश्चिम एशिया संघर्ष और ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा हुई। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ फोन पर विस्तार से बातचीत की। इस बातचीत का मुख्य विषय पश्चिम एशिया का संघर्ष और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उसका प्रभाव था। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों ने विशेष रूप से ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं पर भी ध्यान केंद्रित किया और एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

### अभी और हमले होंगे बोले पीएम नेतन्याहू

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर विचार करने के बावजूद ईरान और लेबनान पर



इजराइल हमले जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अभी और हमले होंगे। इससे पहले इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर बमबारी की। इजराइल ने इस हमले पर कहा कि वह ईरान से जुड़े आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा था। लेबनान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित एक आवासीय अपार्टमेंट पर हुए हमले में लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कम से कम दो लोग मारे गए। वहीं ईरानी हमले में इजराइल में 15 लोग मारे गए हैं जबकि 13 अमेरिकी सैन्य कर्मी भी मारे गए हैं।

### लेबनान ने ईरान के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया

लेबनान सरकार ने मंगलवार को ईरान के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध प्रभावित इस देश में तेहरान के राजनयिक प्रतिनिधि को रविवार तक देश छोड़ना होगा और उन्हें अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता डेनिस रहमे ने बताया कि ईरान के दूतावास में अब भी एक दूतावास प्रभारी मौजूद रहेगा, जो उसके राजनयिक मिशन का नेतृत्व करेगा। लेबनानी सरकार ईरान की आलोचना करती रही है और उसके रिवोल्यूशनरी गार्ड पर लेबनान में हिजबुल्ला चरमपंथी समूह के साथ मिलकर काम करने और देश को इजराइल के साथ एक और युद्ध में घसीटने का आरोप लगाती है। लेबनानी अधिकारियों ने कहा है कि इजराइली हमलों में अब तक लेबनान में 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 10 लाख लोग विस्थापित हो गए हैं।

**ट्रंप ने चौंकाया, कहा**

### ईरान पर हमले का सुझाव सबसे पहले रक्षा मंत्री ने दिया

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पश्चिम एशिया के मुद्दे पर करीबी सहयोगियों के साथ चर्चा के दौरान ईरान*



*पर हमला करने का सुझाव सबसे पहले रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दिया था। ट्रंप ने यह बात सोमवार को टेनेसी में आयोजित 'मेम्फिस सेफ टास्क फोर्स' गोलमेज बैठक में कही। ट्रंप ने कहा कि पीट, मुझे लगता है कि आपने सबसे पहले कहा कि हमें कदम उठाना चाहिए, क्योंकि उन्हें परमाणु हथियार हासिल करने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने हेगसेथ की टिप्पणी पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई।*

**ईरान का दावा**

### दो ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए गए

ईरान ने बताया कि देश के दो ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए गए हैं। एक हमले में इस्फ़हान में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया, जबकि दूसरे हमले में खुर्रमशहर बिजली संयंत्र के लिए बनी



गैस पाइपलाइन को निशाना बनाया गया। सोमवार को इस क्षेत्र में हुए हमलों की जिम्मेदारी न तो इजराइल ने ली है और न ही अमेरिका ने, हालांकि दोनों देश अपने हमलों को हमेशा स्वीकार नहीं करते हैं। यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या इन स्थलों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया या क्षेत्र में अन्य स्थलों पर हुए हमलों में इन्हें नुकसान पहुंचा है।

### राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई उच्चस्तरीय बैठक



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक कर देश की रक्षा तैयारियों की समीक्षा की। वहीं पिछले दिनों 22 मार्च को ही पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस बैठक हुई थी, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक सप्लाई की समीक्षा की गई थी। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और डीआरडीओ के चेयरमैन समीर कामत समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मौजूदा सुरक्षा स्थिति और ऑपरेशनल तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### 7750 भारतीयों की हुई कतर एयरवेस से वापसी

कतर एयरवेज ने 20 से 22 मार्च के बीच भारत के विभिन्न शहरों के लिए कई उड़ानें संचालित कीं। कतर एयरवेज ने बीते दो दिनों में भारत के विभिन्न गंतव्यों के लिए 25 उड़ानें संचालित कीं। इस दौरान लगभग 7,750 भारतीय नागरिकों ने यात्रा की। वहीं, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मिलकर मंगलवार को पश्चिम एशिया क्षेत्र से आने-जाने वाली 24 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित की। दोनों एयरलाइंस की भारत और जेद्दाह के बीच कुल 10 उड़ानें शामिल रहीं। इनमें से एयर इंडिया दिल्ली से एक और मुंबई से दो वापसी उड़ानें संचालित की, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद और कोझिकोड से एक-एक उड़ान संचालित की।

### ब्रिटेन का युद्धपोत पूर्वी भूमध्य सागर में पहुंचा

ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन का एचएमएस ड्रैगन अब पूर्वी भूमध्य सागर में पहुंच चुका है और यह साइप्रस की सुरक्षा प्रणाली में संचालनात्मक एकीकरण शुरू करने के लिए तैयार है। युद्धपोत 11 मार्च को ब्रिटेन से रवाना हुआ था और इसे हाल ही में ईरानी ड्रोन हमले से प्रभावित साइप्रस के ब्रिटिश हवाई अड्डे की रक्षा का काम सौंपा गया है। मंत्रालय ने कहा रॉयल एयर फोर्स के टाइफून और एफ-35 जेट विमानों ने साइप्रस, जॉर्डन, कतर और बहरीन में अपनी रक्षात्मक उड़ान जारी रखी।

---

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान दुनिया का सबसे प्रदूषित देश

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2025 के मुताबिक दुनिया में सबसे प्रदूषित देशों में पाकिस्तान



पहले नंबर पर है। इसके बाद बांग्लादेश, ताजिकिस्तान, चाड और कांगो हैं। भारत छठे स्थान पर है। यह रिपोर्ट स्विस कंपनी आईक्यूएयर ने जारी की है। रिपोर्ट में 143 देशों के 9,446 शहरों के डेटा का एनालिसिस किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 5 भारत के हैं।

### गैंगस्टर रोहित गोधारा ने कनाडा में की फायरिंग


**ओटावा।** कनाडा के ब्रम्पटन में लगातार एक बार फिर फायरिंग हुई है। फायरिंग की जिम्मेदारी कुख्यात



गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बरार गैंग ने ली है। पिछले दो दिनों के अंदर रोहित गोदारा गैंग ने कनाडा में दूसरी वारदात को अंजाम दिया। यह गोलीबारी विपिन चौसर नाम के एक शख्स के घर पर हुई है। गैंग ने फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

### सेन फ्रांसिस्को में एआई रोकने को लेकर प्रदर्शन

**सेन फ्रांसिस्को।** सैन फ्रांसिस्को में 'स्टॉप दि एआई रेस' ग्रुप के प्रदर्शनकारियों ने एंथ्रोपिक, ओपनएआई और एक्सएआई जैसी




दिग्गज कंपनियों के दफ्तरों के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बेहद एडवांस एआई के विकास पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे माइकल ट्राजी ने कहा कि उनका मकसद सशर्त रोक के लिए राजी करना है।

---

## शॉर्ट सर्विस मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# 20 वर्ष से पूर्व सेवामुक्त स्थायी कमीशन से वंचित महिला पूर्ण पेंशन लाभ की 'हकदार'

कोर्ट ने विशेष संवैधानिक शक्तियों (अनुच्छेद 142) का इस्तेमाल किया

यह आदेश जेएजी और एईसी कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गईं भारतीय सशस्त्र बलों की 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई मानी जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो।

### एएफटी के फैसलों को दी थी चुनौती



यह निर्णय विंग कमांडर सुचेता एडन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर आया, जिनमें 2019 में नीतिगत बदलावों और पिछले सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) के फैसलों के आधार पर स्थायी कमीशन न दिए जाने को चुनौती दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि महिला अधिकारियों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को अक्सर इस धारणा के तहत श्रेणी प्रदान की जाती है कि वे करियर में प्रगति या स्थायी कमीशन के लिए पात्र नहीं होंगी। इससे उनकी समग्र योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

### पूर्ण न्याय पाने का अधिकार

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश पारित करने का अधिकार देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पेंशन 20 साल की मानी गई सेवा के आधार पर तय की जाएगी, जो 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगी।

### सेना में पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता

अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सेना में केवल पुरुषों का एकाधिकार नहीं हो सकता। जस्टिस ने साफ किया कि पुरुष अधिकारी यह उम्मीद नहीं कर सकते कि भविष्य के सभी खाली पद केवल उनके लिए ही होंगे। कोर्ट के अनुसार, अवसरों की कमी और गलत तरीके से अयोग्य ठहराए जाने के कारण महिला अधिकारियों की योग्यता और उनके करियर की प्रगति पर बुरा असर पड़ा है।

### सेवा से मुक्त महिलाओं पर लागू होगा फैसला

यह फैसला उन महिला अधिकारियों के लिए एक बार का उपाय के रूप में आया है जो कानूनी लड़ाई के दौरान सेवा से मुक्त हो गई थीं। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह आदेश जेएजी (जज एडवोकेट जनरल) और एईसी (आर्मी एजुकेशन कोर) कैडर की महिला अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, कोर्ट ने भविष्य में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चयन के तरीकों और कट-ऑफ नियमों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है।

---

## भारत-अमेरिका रिश्तों पर बोले कोल्बी

# दोनों देशों के साझा हितों पर टिका खुला व्यापार व स्वतंत्रता के पक्ष में



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत दौरे पर आएं अमेरिकी युद्ध नीति उप सचिव एल्ब्रिज कोल्बी ने दिल्ली में आयोजित एक विशेष सत्र में भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में विदेश नीति व्यावहारिक होनी चाहिए और उसका फोकस नतीजों पर होना चाहिए। उन्होंने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की बात का जिक्र करते हुए कहा कि आज के हालात में देशों को लचीली और परिस्थिति के हिसाब से रणनीति अपनानी चाहिए। कोल्बी ने भारत फर्स्ट और इंडिया वे नीति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत फर्स्ट का मतलब है कि भारत अपनी विदेश नीति में सबसे पहले अपने राष्ट्रीय हितों को रखता है। इंडिया वे का मतलब है कि भारत अपने फैसले व्यावहारिक सोच और वास्तविक हालात को ध्यान में रखकर लेता है।

### दोनों देशों के हित बड़े मुद्दों पर एक

कोल्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यह केवल औपचारिकताओं पर आधारित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के साझा हितों पर टिका है। कोल्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका को हर मुद्दे पर सहमत होना जरूरी नहीं है। कोल्बी ने कहा कि सबसे जरूरी यह है कि दोनों देशों के हित और लक्ष्य बड़े मुद्दों पर एक जैसे होते जा रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि मतभेद होने के बावजूद रणनीतिक सहयोग मजबूत किया जा सकता है। दोनों देशों के रिश्ते दिखावे पर नहीं, बल्कि लंबे समय के साझा हितों पर आधारित हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका दोनों चाहते हैं कि भारत-प्रशांत क्षेत्र में कोई एक देश हावी न हो। साथ ही, दोनों देश खुला व्यापार और अपनी-अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के पक्ष में हैं।

---

## सीमा पर बढ़ी भारतीय सेना की ताकत

# पिनाका रॉकेट लॉन्चर की नई रेजिमेंट शुरू, 7 ऑपरेशनल, एक और जल्द ही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर का एक और रेजिमेंट शुरू किया है। इनको मिलाकर अभी भारतीय सेना के पास पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर के कुल सात रेजिमेंट ऑपरेशनल हो चुके हैं। संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में इस घातक रॉकेट लॉन्चर की तैनाती ने भारतीय सेना की मारक क्षमता को और भी ज्यादा घातक बना दिया है। भारतीय सेना पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर की तैनाती भारत-पाकिस्तान सीमा से लेकर वास्तविक नियंत्रण रेखा तक पर कर रही है। ऐसे अतिरिक्त आठ



पिनाका रॉकेट लॉन्चर

पिनाका रेजिमेंट और तैयार हो रहे हैं और इस साल के अंत तक उन्हें भी शुरू कर दिए जाने की संभावना है। एक पिनाका लॉन्चर रेजिमेंट में आम तौर पर तीन बैटरियां होती हैं। प्रत्येक बैटरी में 6 पिनाका लॉन्चर होते हैं। इस तरह से युद्ध के लिए एक रेजिमेंट में 18 पिनाका लॉन्चर शामिल होते हैं। इसके अलावा दो अतिरिक्त लॉन्चर ट्रेनिंग और युद्ध के समय रिप्लेसमेंट के लिए भी रखे जाते हैं।

---

## पीएमएलए के तहत साइबर अपराध के 257 केस सामने आए

# 35925 करोड़ की 'आपराधिक आय' एकत्रित की


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत साइबर अपराध से संबंधित लगभग 257 मामले सामने आए हैं। ईडी ने इन मामलों की जांच शुरू की है। इन केसों में मनी लॉड्रिंग के जरिए 35925 करोड़ रुपए की 'आपराधिक आय' एकत्रित की गई है। प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के बीच सूचना साझा करने/ प्रसारित करने की एक स्थापित व्यवस्था है। इसके परिणामस्वरूप 21,857 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और साइबर जांच सहायता के लिए 149636 से अधिक अनुरोध प्राप्त हुए हैं। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने लोकसभा में यह बात कही।

### राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल शुरू किया गया



बंदी संजय कुमार



साइबर अपराधी

गृह मंत्रालय ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराधों से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए एक संबद्ध कार्यालय के रूप में 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) की स्थापना की है। आई4सी के एक भाग के रूप में 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' शुरू किया गया है। यहां पर जनता सभी प्रकार के साइबर अपराधों से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट कर सकती है। इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया है। पोर्टल पर रिपोर्ट की गई साइबर अपराध की घटनाओं को एफआईआर में परिवर्तित किया जाता है।

### 8,690 करोड़ से अधिक की राशि बचाई

आई4सी के अंतर्गत 'नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली' को वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल रिपोर्टिंग और जालसाजों द्वारा धन की हेराफेरी को रोकने के लिए वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। इस प्रणाली के अनुसार, 31 जनवरी 2026 तक 24.65 लाख से अधिक शिकायतों में 8,690 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय राशि बचाई जा चुकी है।

### 9518.91 करोड़ के लेन-देन अस्वीकृत

साइबर अपराधियों की पहचान करने वाले संदिग्धों का रजिस्टर आई4सी द्वारा बैंकों/ वित्तीय संस्थानों के सहयोग से 10 सितंबर 2024 को शुरू किया गया। 31 जनवरी 2026 तक, बैंकों से प्राप्त 23.05 लाख से अधिक संदिग्ध पहचानकर्ताओं का डेटा और 27.37 लाख लेयर 1 म्यूल खातों का डेटा संदिग्ध रजिस्टर में शामिल संस्थाओं के साथ साझा किया गया है। इसके चलते 9518.91 करोड़ रुपए के लेन-देन अस्वीकृत किए गए हैं।




## हाईकोर्ट ने सोम डिस्टलरीज के लाइसेंस निलंबन के मामले में सुनाया सुरक्षित फैसला, याचिकाएं की निरस्त

# शराब व्यापार मौलिक अधिकार नहीं, नियम तोड़ने पर लाइसेंस निलंबित, निरस्त करना वैधानिक

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सोम डिस्टलरीज के लाइसेंस निलंबन के मामले में अपना सुरक्षित फैसला मंगलवार को सुनाया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि शराब का व्यापार कोई मौलिक अधिकार नहीं है और नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबित करना या निरस्त किया जाना वैधानिक है। कोर्ट ने एक्साइज कमिश्नर द्वारा की गई कार्रवाई को सही ठहराया। कहा कि, जब नियमों का उल्लंघन गंभीर और डिस्टिलिंग, ब्रूइंग, बॉटलिंग आदि गतिविधियों से संबंधित हो तो इसके खिलाफ व्यापक कार्रवाई करना उचित है। इस मत के साथ कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

सोम डिस्टलरीज प्रालि व सोम डिस्लरीज एंड ब्रेवरीज प्रालि की ओर से याचिका दायर की गई थी। कहा गया कि उनके कुल 8 लाइसेंस एक्साइज विभाग ने 4 फरवरी 2026 के आदेश के जरिए निलम्बित कर दिए थे। यह कार्रवाई 26 फरवरी 2024 को जारी किए गए शो-कॉज नोटिस के आधार पर की गई थी, जिसमें फर्जी परमिट के जरिए शराब परिवहन का गंभीर आरोप था। याचिकाकर्ता कंपनियों की ओर से तर्क दिया गया कि जिस शो-कॉज नोटिस के आधार पर कार्रवाई की गई, वह 2023-24 का था। जबकि तत्कालीन लाइसेंस 31 मार्च 2024 को समाप्त हो चुके थे। ऐसे में नोटिस स्वतः समाप्त माना जाना चाहिए। कंपनियों को 2024-25 और 2025-26 के लिए नए लाइसेंस जारी किए गए थे, इसलिए पुराने नोटिस के आधार पर नए लाइसेंस सस्पेंड करना विधिसम्मत नहीं है। तर्क दिया गया कि



संबंधित आपराधिक मामलों में हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी थी, जिससे शो-कॉज नोटिस का आधार ही खत्म हो गया था।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि आबकारी अधिनियम के तहत स्पष्ट रूप से कार्रवाई का अधिकार है। लाइसेंसधारी को नियमों का पालन करना अनिवार्य है। यदि लाइसेंसधारी धोखाधड़ी या नियम उल्लंघन में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करना कानूनन सही है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि शो-कॉज नोटिस केवल एक निश्चित अवधि तक सीमित नहीं होता। हर साल लाइसेंस का नवीनीकरण स्वतः नहीं , बल्कि इस बात पर निर्भर है कि लाइसेंसधारी ने नियमों और शर्तों का पालन किया अथवा नहीं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धोखाधड़ी किसी भी कानूनी प्रक्रिया को पूरी तरह खत्म कर देती है। यह गंभीर अपराध है। एक बार धोखाधड़ी साबित हो जाए, तो उसके बाद के सभी तर्क कमजोर हो जाते हैं।

महिला आरक्षण प्रावधान का उल्लंघन होने पर अंतरिम आदेश

## रीवा जिला अधिवक्ता संघ चुनाव पर रोक

**जबलपुर।** मप्र उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की युगल पीठ ने रीवा जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव पर रोक लगा दी। ये चुनाव आज 25 मार्च को होने जा रहे थे। हाईकोर्ट ने जिला अधिवक्ता संघ रीवा और जिला सत्र न्यायाधीश रीवा को नोटिस जारी कर यह अंतरिम आदेश दिया है। यह याचिका चुनाव में महिलाओं के लिए 30 फीसदी आरक्षण का पालन न होने से सम्बंधित है। मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। रीवा की अधिवक्ता जतिंदर कौर की ओर से दायर की गई, इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि 7 मार्च 2026 को जारी अधिसूचना के तहत चुनाव की प्रक्रिया ऐसे तरीके से शुरू की गई, जो मॉडल बायलॉज और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का खुला उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव समिति का गठन ऐन वक्त पर किया गया, जबकि इसके लिए निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य था। सबसे गंभीर आरोप यह है कि अब तक प्रारंभिक मतदाता सूची तक प्रकाशित नहीं की गई, जिससे अधिवक्ताओं को अपने नामों की पुष्टि और आपत्ति दर्ज कराने का अवसर नहीं मिला। इसके अलावा सदस्यता शुल्क और वैध मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया भी नियमों के अनुरूप नहीं अपनाई गई।

### महिला आरक्षण का मुद्दा भी उठाया

मामले में एक और बड़ा मुद्दा महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद इस अनिवार्य प्रावधान को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया, जो न केवल कानून का उल्लंघन है। इस याचिका पर मंगलवार की सुबह हुई सुनवाई में चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने जिला बार चुनाव के लिए बनाये गए मुख्य चुनाव अधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हाजिर होने कहा था। दोपहर ढाई बजे मामले पर हुई सुनवाई के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी सूर्यनाथ पांडे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई से जुड़े। बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद चुनाव पर रोक लगाने के अंतरिम आदेश पारित किए और मामलें की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को नियत कर दी।

## 120 किमी/घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल संपन्न

# नागौद-फुलवारी नई रेल लाइन खंड का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा सघन निरीक्षण

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत ललितपुर-सिंगरौली नई लाइन परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। मध्य/पूर्व वृत (मुंबई) के रेल संरक्षा आयुक्त (CRS) गुरू प्रकाश द्वारा मंगलवार को नागौद (किमी 1210.070) से फुलवारी (किमी 1225.52) के मध्य नव निर्मित 15.45 किमी लंबे रेल खंड का सघन निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण इस सेक्शन को यात्री यातायात हेतु प्रारंभ करने से पूर्व संरक्षा मानकों के परीक्षण के उद्देश्य से किया गया।



निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा ट्रैक की गुणवत्ता, पॉइंट एवं क्रॉसिंग, ब्रिज संरचनाएं, गर्डर, स्पान, स्लीपर, बैलास्ट, ग्लूड जॉइंट, इंप्रूव्ड SEJ, ओएचई (OHE) लाइन, समपार फाटक, स्टेशन यार्ड सहित विभिन्न तकनीकी एवं संरक्षा संबंधी पहलुओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा फुलवारी से नागौद तक पूरे सेक्शन में अधिकतम 120 किमी प्रति घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल भी किया गया, जो इस खंड की संरचनात्मक मजबूती एवं सुरक्षा मानकों की पुष्टि करता है। इस अवसर पर मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाश्मी सहित निर्माण एवं संरक्षा से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जबलपुर मंडल से मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, सीनियर डीईई (टीआरडी) एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। यह नई रेल लाइन खंड शीघ्र ही यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन हेतु प्रारंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में वृद्धि होगी एवं यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### हाइकोर्ट का ननि कमिश्नर को निर्देश

# मालगोदाम चौक पर 25 दुकानों के निर्माण आवंटन के संबंध में जल्द लो निर्णय

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर नगर निगम आयुक्त को मालगोदाम चौक पर प्रस्तावित 25 दुकानों के निर्माण और आवंटन के संबंध में जल्द निर्णय लेने केनिर्देश दिए हैं। जस्टिस संदीप एन भट्ट की सिंगल बेंच ने इसके लिए 3 सप्ताह की मोहलत दी है। कोर्ट ने कहा कि अभ्यावेदन पर लिए गए निर्णय से याचिकाकर्ता को भी अवगत कराएं।

जबलपुर निवासी गोरंग पॉल एवं संतोष पॉल की ओर से याचिका दायर कर बताया गया कि नगर निगम द्वारा मालगोदाम चौक पर 25 दुकानों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। दुकान निर्माण शुरू करने की मांग को लेकर याचिकाकर्ताओं ने निगम



प्रशासन को अभ्यावेदन दिया था। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। मांग की गई कि दुकानों का निर्माण जल्द शुरू करवाकर आवंटित की जाएं। निगम प्रशासन द्वारा तैयार ले-आउट के हिसाब से इनका निर्माण किया जाए। समयबद्ध तरीके से निर्माण पूरा कर याचिकाकर्ताओं और अन्य दुकानदारों को आवंटित की जाएं।

जेएमएफसी कोर्ट का निर्देश, धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र व अवैध आयुर्वेदिक-हर्बल गतिविधियों के संचालन के गंभीर आरोप

## 15 मई तक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट पेश करें पनागर थाना प्रभारी

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अरुण कुमार गोयल की अदालत ने थाना प्रभारी पनागर को 15 मई तक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामला मारपीट, गाली-गलौच, आपराधिक धमकी, धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र व अवैध आयुर्वेदिक-हर्बल गतिविधियों के संचालन जैसे गंभीर आरोप से संबंधित है। परिवादी विकास चंद्र कोरी की ओर से दलील दी गई कि थाना प्रभारी पनागर, जांच अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला आयुष अधिकारी कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरत रहे हैं। साथ ही आरोपितों को संरक्षण दे रहे हैं। आरोपितों द्वारा पनागर क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस के आयुर्वेदिक-हर्बल कंपनी का संचालन कर लोगों से ज्वाईनिंग और कमीशन के नाम पर धनराशि ली जा रही थी। इसी सिलसिले में परिवादी से भी 20 हजार रुपये लिए गए, लेकिन न तो कोई अनुबंध दिया गया और न ही राशि वापस की गई। नौ फरवरी को आरोपितों ने उसके घर पहुंचकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना की शिकायत थाना पनागर में की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को भी शिकायत दी गई, फिर भी कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली गई।

निगमायुक्त की संवेदनशीलता ने जीता दिल

## माता जी, यहां बैठिए, बताईए क्या समस्या है...



**जबलपुर।** नगर निगम की जनसुनवाई केवल शिकायतों के निपटारे का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल बन गई। जब एक बुजुर्ग महिला अपनी समस्या लेकर पहुंची, तो निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने न केवल उनकी बात सुनी, बल्कि सम्मानपूर्वक उन्हें अपने पास बैठाकर कहा "माता जी, आइए बगल में बैठकर बताइए क्या समस्या है।" निगमायुक्त के इस अपनेपन ने जहाँ बुजुर्ग महिला की चिंता दूर कर दी, और मौके पर ही उनकी समस्या का निराकरण कर राहत प्रदान किया।

मैदान में मुस्तैद प्रशासन

जनसुनवाई कई मायनों में खास रही, जिसमें ऑन द स्पॉट' निर्णय लेने पर जोर दिया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक चली इस सुनवाई में निगमायुक्त ने व्यक्तिगत रूप से 25 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया। मुख्यालय के साथ-साथ सभी संभागीय कार्यालयों में भी सुनवाई का आयोजन किया गया। सभी संभागों से प्राप्त 32 आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जिससे जनता को बड़ी राहत मिली। जनसुनवाई में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के साथ अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई, लेखा अधिकारी अशफाक परवेज कुरैशी, जनसुनवाई प्रभारी सहायक आयुक्त वेद प्रकाश, अंकिता जैन, शिवांगी महाजन, इंद्रकुमार वर्मा, दीपक शर्मा, अभिषेक तिवारी, दिग्दर्श, महेश शर्मा, सतीश मिश्रा, असद, प्रदीप व समस्त विभागीय प्रमुख व प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।



## निगमायुक्त ने की राजस्व समीक्षा

**जबलपुर।** शहर के विकास और जनहित में राजस्व संग्रहण को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम ने पूर्ण रूप से एक्शन मोड में कदम रखा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने भारी अमले के साथ औद्योगिक क्षेत्र रिछाई का दौरा कर टैक्स वसूली की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, अपर आयुक्त अरविंद शाह, श्रीमती अंजू सिंह, सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा, संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल और सुरेंद्र मिश्रा, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, प्रमोद श्रीवास्तव सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने टीम के सदस्यों को निर्देश दिए कि टैक्स वसूली की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों के अनुसार टैक्स न जमा करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारियों ने उद्योगपतियों से संवाद कर उन्हें शहर के विकास में भागीदार बनने और 31 मार्च तक टैक्स जमा करने का आग्रह किया।

### सहेली के भाई ने किया दैहिक शोषण

**जबलपुर।** खमरिया थानांतर्गत एक युवती को उसकी ही सहेली के भाई ने दोस्ती बनाकर प्रेम संबंधों में उलझाया और फिर शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण करता रहा। बाद में युवती गर्भवती हो गई तो युवक मुकर गया और धमकाने लगा। इसके बाद गर्भवती युवती ने थाने में मामला दर्ज कराया। खमरिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुराचार का प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी तलाश आरंभ कर दी है। इस संबंध में खमरिया थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीए फाइनल की छात्रा की अपनी सहेली की शादी में ही उसके भाई रंजीत कुशवाहा से दोस्ती हुई। कुछ समय में यह मुलाकात व दोस्ती ज्यादा गहरी हो गई। गत 6 अक्टूबर 2025 की रात को रंजीत ने युवती को गौशाला में बुलाया और कहा कि वह उसे पसंद करता है। इसके बाद में रंजीत ने युवती से शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, इसके चलते युवती गर्भवती हो गई। जब रंजीत से युवती ने गर्भवती हो जाने की बात बताई और शादी करने कहा, तो रंजीत ने साफ इंकार कर दिया। साथ ही गर्भपात कराने के लिए धमकाने लगा। इससे दुखी हो पीडित युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# सफर में आप अकेले नहीं, किताबें हैं साथ

### जबलपुर रीडर्स ग्रुप का अनोखा प्रयोग, मेट्रो बस में पाठन, भेड़ाघाट में साहित्यिक चौपाल

**जबलपुर।** पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रहा जबलपुर रीडर्स ग्रुप इस बार एक अनोखी पहल के साथ सामने आया। समूह के सदस्यों ने अपने साप्ताहिक पाठन सत्र को अलग अंदाज देते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट में किताबें पढ़ने का प्रयोग किया। इस पहल ने यह संदेश दिया कि किताबों का साथ केवल शांत और एकांत स्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि भीड़भाड़ और यात्रा के दौरान भी पढ़ना संभव और आनंददायक हो सकता है।

प्रत्येक सप्ताह भंवरताल गार्डन में जुटकर पुस्तक पढ़ने वाला यह समूह इस बार विशेष आउटडोर सत्र के लिए भेड़ाघाट पहुंचा। सत्र की शुरुआत मेट्रो बस यात्रा से हुई, जिसे समूह ने एक चलती-फिरती साहित्यिक चौपाल में बदल दिया। बस में बैठे सदस्य अपनी-अपनी किताबों में डूबे नजर आए कोई उपन्यास पढ़ रहा था, तो कोई कविता और आत्मकथा के पन्नों में खोया हुआ था। यात्रा के दौरान पढ़ने का यह अनुभव सभी के लिए नया और उत्साहजनक रहा। साथ यात्रा कर रहे आम नागरिकों ने भी इस पहल में रुचि दिखाई और इसकी सराहना की। भेड़ाघाट पहुंचने के बाद समूह के सदस्य धुआंधार जलप्रपात के पास संगमरमर की चट्टानों पर बैठे और वहां भी पाठन एवं चर्चा का सिलसिला जारी रहा। प्रकृति की मनमोहक वादियों के बीच साहित्यिक संवाद ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया।







### भंवरताल गार्डन से शुरू हुआ सफर, अब सैकड़ों पाठक जुड़े

तीन वर्ष पहले शहर के भंवरताल गार्डन में पांच दोस्तों ने रविवार की सुबह मिलकर पुस्तक पढ़ने और उस पर चर्चा करने की शुरुआत की थी। आज यह पहल एक बड़े पाठक समूह में बदल चुकी है। हर रविवार सुबह 7:30 से 9:30 बजे तक यहां बच्चे, युवा और बुजुर्ग एक साथ बैठकर किताबें पढ़ते हैं और पिछले सप्ताह पढ़ी गई पुस्तकों पर अपने अनुभव साझा करते हैं।साथ ही अपनी रचनाओं को भी प्रस्तुत करते है। समूह में विभिन्न विधाओं उपन्यास, कविता, आत्मकथा, इतिहास और प्रेरक साहित्य पर चर्चा होती है। यह मंच सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खुला है और शहर में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। "हमारा उद्देश्य केवल किताबें पढ़ना नहीं, बल्कि लोगों में पढ़ने की आदत विकसित करना और विचारों का आदान-प्रदान करना है। समय-समय पर ऐसे विशेष सत्र आयोजित कर पाठकों को नया अनुभव देने की कोशिश करते हैं।" जबलपुर रीडर्स ग्रुप के प्रमुख सहभागी नयन, संस्कार अनुराग, रविकांत राउत, विशाल, देवेश, आशुतोष मिश्रा, प्रथम, मानवेन्द्र सिंह, अभिषेक पाण्डे, सिद्धार्थ चौहान, गौरव सेनी,अनिकेत, रूचि जैन और दर्शन जैन सहित अन्य सदस्य इस पाठन यात्रा में शामिल रहे।

पंजीयन प्रक्रिया पेपरलेस बनाने नवाचार

## फेसलेस रजिस्ट्री व्यवस्था लागू

**जबलपुर।** जिला पंजीयन शाखा ने जिले के नागरिकों के लिए संपत्तियों के पंजीयन की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस बनाने के लिए नवाचार किया। डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देते हुए, फेसलेस रजिस्ट्री व्यवस्था को लागू कर दिया। जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा गत 13 मार्च को इस आशय का आदेश भी जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि मध्य प्रदेश शासन के निर्णय के बाद जिले में संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर के जरिए फेसलेस रजिस्ट्री व्यवस्था को विधिवत रूप से लागू कर दिया गया है। इस नई तकनीक का प्राथमिक लक्ष्य दस्तावेजों के पंजीयन कार्य को पहले से कहीं अधिक सरल, जवाबदेह और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना है। प्रशासन का मानना है कि इस बदलाव से रजिस्ट्री की पुरानी जटिलताओं का अंत होगा और आम जनता को सरकारी कार्यालयों की लंबी लाइनों और बार-बार चक्कर काटने से निजात मिलेगी।

संपदा 2.0 व्यवस्था के सक्रिय होने से अब रजिस्ट्री कराने वाले पक्षकारों को व्यक्तिगत रूप से पंजीयन कार्यालय में उपस्थित होने की अनिवार्यता खत्म हो गई है। आधुनिक ई-पंजीयन सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब नागरिक घर बैठे ही ऑनलाइन मोड में अपने दस्तावेजों का काम पूरा कर सकते हैं। इस सुविधा से न केवल लोगों के कीमती समय की बचत होगी, बल्कि कार्यालय परिसर में होने वाली अनावश्यक भीड़ में भी भारी कमी आएगी। प्रशासन ने इसे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव करार दिया है, जिससे तकनीक के माध्यम से सीधा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

कलेक्ट्रेट द्वारा जारी ताजा निर्देशों के मुताबिक अब सेल डीड, लीज डीड और अन्य प्रमुख अनुबंधों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से फेसलेस मोड में ही संपादित किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे केवल इसी नई प्रणाली के तहत तैयार दस्तावेजों को स्वीकार करें। फेसलेस सॉफ्टवेयर के उपयोग से मानवीय हस्तक्षेप पूरी तरह समाप्त हो जाएगा, जिससे भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश लगेगा और प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।

### जस्टिस संदीप एन भट्ट व जस्टिस संजीव कलगांवकर के अंतरपीठ स्थानांतरण

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट प्रशासन ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर दो न्यायाधीशों का अंतरपीठ स्थानांतरण किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के आदेश पर हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में पदस्थ जस्टिस संदीप एन भट्ट को इंदौर पीठ और इंदौर में पदस्थ जस्टिस संजीव कलगांवकर को जबलपुर मुख्यपीठ ट्रांसफर किया गया है। यह आदेश 20 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। जस्टिस भट्ट कुछ माह पहले ही गुजरात से ट्रांसफर होकर मप्र हाईकोर्ट आये थे।

नौकरी लगवाने की बात कर इसके लिए 25 हजार रुपये की मांग

## फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर नगर निगम पहुंची आदिवासी युवती

**जबलपुर।** कुंडम बघराजी की एक आदिवासी युवती को उसी के गांव के एक परिचित युवक ने नगर निगम जबलपुर में नौकरी का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 22 हजार रुपए ठग लिए। इस बात का खुलासा तब हुआ जब युवती नगर निगम में मंगलवार को अपनी नौकरी ज्वाइंन करने पहुंची। यहां वास्तविकता का पता लगने के बाद युवती ने ओमती थाने में संबंधित युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंडम थानांतर्गत बघराजी में रहने वाली सीमा परस्ते नौकरी रोजगार की तलाश में थी। इसी दौरान उसकी गांव के ही एक युवक से



मुलाकात हुई। सीमा ने उससे नौकरी लगवाने में मदद मांगी जिस पर युवक ने उसे अपनी बातों में फंसाया और कुछ दिन बाद उसे जबलपुर नगर निगम में नौकरी लगवाने की बात कर इसके लिए 25 हजार रुपये का इंतजाम करने कहा। उसकी चिकनी चुपड़ी बातों में आकर सीमा ने जैसे तैसे 22 हजार रुपये जुटाए और युवक को दे दिए। इसके बाद युवक ने कुछ दिन इंतजार करा सीमा को नगर निगम का एक नियुक्ति पत्र थमा दिया। इसे लेकर मंगलवार को युवती सीमा जबलपुर नगर निगम ज्वाइनिंग के लिए पहुंची। उक्त एपाइंटमेंट लैटर में गड़बड़ी देख यहां पदस्थ कर्मचारी से उसे निगमायुक्त के पास पहुंचाया जहां आयुक्त नगर निगम ने उसे नियुक्ति पत्र के फर्जी होने की जानकारी देकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पहुंचाया। इसके बाद युवती ने मामले की ओमती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी की तलाश आरंभ कर दी है।

चोरी की रकम के बंटवारे को लेकर अमानवीय घटना

## नाबालिग को चप्पलों से पीटा, निर्वस्त्र कर नहलाया

हरिभूमि जबलपुर।

रुपए के लेन.देन के विवाद पर एक नाबालिग को उसके ही तीन साथियों ने मारपीट की। लात घूसों से उसकी पिटाई की और निर्वस्त्र कर नदी में नहलाया। इतना ही नहीं आरोपियों ने इस अमानवीय हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल भी कर दिया। मामलें की शिकायत गौरीघाट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

घटना के संबंध में गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वारीघाट निवासी राजेश उर्फ रक्कू, केशू और राघव ने फोन कर 17 वर्षीय नाबालिग को घाट पर बुलाया था और उसके बाद उसके साथ लात घूसों से मारपीट की, फिर उसके शरीर में मिट्टी डाली और निर्वस्त्र कर उसे नदी में नहलाया। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित के साथ मिलकर कही चोरी की वारदात की थी और उसके पैसों को लेकर विवाद हुआ, जिस पर पीड़ित ने आपत्ति जताई, इसके बाद यह घटनाक्रम सामने आया। गौरीघाट पुलिस का



कहना है कि नाबालिग व तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं. सभी के खिलाफ गौरीघाट सहित अलग-अलग थानों में चोरी समेत कई प्रकरण भी दर्ज हैं. शुरुआती जांच में पता चला है कि कुछ दिनों पहले इन लड़कों ने कहीं से बाईक चोरी की थी. चोरी की बाईक बेचने के बाद जब रुपए का बंटवारा होना था. इसी बात को लेकर तीनों आरोपी राजेश, केशू और राघव ने नाबालिग से मारपीट का प्लान बनाकर गौरीघाट पर बुलाया था। जहां तीनों ने पहले पीड़ित के साथ लात-घूंसों से पीटा फिर उसके कपड़े उतारे और शरीर पर मिट्टी डाली गई. खुद की चप्पल से खुद के चेहरे पर मारने को कहा गया। उसके बाद नाबालिग को नदी में नहाने में उतारा। इस पूरे घटनाक्रम का आरोपियों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. वीडियो देखने के बाद पीड़ित परिजनों के साथ गौरीघाट थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों को हिरासत में ले लिया है. पुलिस की जांच में सामने आया है कि पीड़ित और आरोपी की आपस में जान पहचान है. उनके खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में चोरी और मारपीट के कई मामले दर्ज हैं।

गौरीघाट थाना पुलिस अब यह भी जांच कर रही है, जिस बाइक चोरी को लेकर इनका विवाद हुआ था, वह कहां से चोरी की थी. एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि शिकायत और वीडियो को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच की और तीनों लड़कों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### राजकोट-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में एक थर्ड एसी कोच बढ़ाया गया

**जबलपुर।** रेलवे समर सीजन में यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली राजकोट-रीवा-राजकोट एक्सप्रेस ट्रेन में एक थर्ड एसी कोच मई माह से बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

**प्रारंभिक तिथियों से लगेंगे एक थर्ड एसी कोच-** गाड़ी संख्या 22937 राजकोट-रीवा एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी का कोच दिनाँक 24 मई 2026 से प्रभावी रहेगा। गाड़ी संख्या 22938 रीवा-राजकोट एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी का कोच दिनाँक 25 मई 2026 से प्रभावी रहेगा। कोच संरचना- अब उक्त ट्रेनों में निर्धारित तिथि से 01 फर्स्ट एसी, 02 सेकण्ड एसी, 05 थर्ड एसी, 02 थर्ड एसी इकॉनमी, 6 स्लीपर क्लास, 04 जनरल कोच एवं 1 जनरेटरकार, 1 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच होंगें।

पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने सबूतों के अभाव में सुनाया फैसला

## नाबालिग के अपहरण और गैंगरेप के आरोपी बरी

हरिभूमि जबलपुर।

विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निशा गुप्ता की अदालत ने गोराबाजार थाना क्षेत्र से एक नागबलिग का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के 6 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि इस मामले में आरोप तो लगाए गए, लेकिन एक भी सबूत ऐसा पेश नहीं किया गया जिनसे आरोप साबित हो सकें। अदालत ने कथित रूप से नाबालिग बताई गई दुष्कर्म पीड़िता को बालिग़ भी माना है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक गत 9 सितंबर 2021 को एक महिला ने गोराबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी का अपहरण कर लिया गया है। बेटी ने फोन करके यह जानकारी दी है, इस शिकायत के बाद पुलिस ने अगले ही दिन 10



सितंबर 2021 को पीड़ित लड़की को दस्तायाब किया। पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि सागर मिश्रा ने उसे शादी करने के लिए अपने एक दोस्त के घर में बुलाया। पीड़िता का आरोप था कि दोस्त के घर में सागर और उसके दोस्तों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने निक्की उर्फ़ निकलेश, दिलीप उर्फ़ दीपक, शाहिद खान, अफजल उर्फ़ अमजद खान, सागर उर्फ़ बाली मिश्रा और जॉनमनी के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया था। इस मामलें में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चालान न्यायालय में पेश किया। आरोपी निक्की उर्फ़ निकलेश की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अभिषेक श्रीवास्तव ने दलील दी कि पीड़िता नाबालिग नहीं, बल्कि बालिग है। पीड़िता की माँ ने 10 घंटे बाद एफआईआर दर्ज कराई। बरामद होने के बाद पीड़िता के मेडिकल जांच में दुष्कर्म की बात सामने नहीं आई।

मेडिकल परीक्षण में पीड़िता की आयु की निर्धारण के संबंध में एक्सरे रिपोर्ट पेश ही नहीं की गई। उसकी जन्म तिथि के संबंध में भी कोई प्रमाण पत्र पेश नहीं किया गया। पीड़िता बालिग़ है। मेडिकल रिपोर्ट में कोई भी ऐसी बात नहीं आई, जिससे सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि हो सके। उसके शरीर पर चोट के कोई भी निशान नहीं पाए गए। आरोपियों के डीएनए भी नहीं मिले।

## एनजीटी के आदेश पर 'प्लास्टिक मुक्त शहर मिशन' शुरू

# कलेक्टर और निगमायुक्त ने गठित की बड़ी टीम; पहले दिन ही 100 बोरी प्लास्टिक जब्त और 1 लाख रुपये का जुर्माना



**जबलपुर।** शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम ने निर्णायक कदम उठाया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्त निर्देश जारी किए जाने के बाद अब शहर में इसका प्रभावी विरोध करने हेतु एक संयुक्त अभियान चलाया जाएगा।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अभियान की निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की। जिला प्रशासन की ओर से एस.डी.एम. अनुराग सिंह और नगर निगम की ओर से अपर आयुक्त (वित्त) अशफाक परवेज कुरैशी को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के लिए गठित 'स्पेशल टास्क फोर्स' वार्ड स्तर से लेकर मुख्य बाजारों तक सक्रिय रहेगी। इस टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के श्री सोनी और उनकी तकनीकी टीम, नगर निगम से उपायुक्त संभव अयाची, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव और अनिल बारी शामिल हैं। पहले दिन ही बलदेवाग स्थित मकरोनिया ट्रांसपोर्ट के गोदाम में छापेमारी कर सौ बोरी प्लास्टिक पन्नी जब्त की गई और संचालक पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त संभव अयाची ने बताया कि इस कार्यवाही से मिट्टी और पानी को प्रदूषित होने से रोका जा सकेगा और नालियों में प्लास्टिक फंसने से जलभराव की समस्या कम होगी। कार्यवाही में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, सी.एस.आई. सौरभ तिवारी, एस.आई. उमाकांत, नितिन, तहसीलदार रमेश कोष्ठी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रांझी अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

### युवा कांग्रेस ने नगर निगम को ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।** रांझी बड़ा पत्थर स्थित नवनिर्मित अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस रांझी-खमरिया ब्लॉक ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक अध्यक्ष राहुल चौधरी, पूर्व उपाध्यक्ष एड. शुभम बोहित और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि महापौर द्वारा दो साल पहले प्रतिमा लगाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक इसे स्थापित नहीं किया गया है। युवा कांग्रेस ने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन सौंपने में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद राजेश यादव समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



## पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य के श्रीमुख से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन

## नर्मदा तट गौरीघाट में 5 अप्रैल से होगा भव्य धार्मिक कार्यक्रम

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जीवन गाथा पर आधारित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन पूज्य जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के श्रीमुख से आगामी 5 अप्रैल से माँ नर्मदा तट, गौरीघाट स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज मैदान में किया जाएगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि यह संस्कारधानी के लिए परम सौभाग्य का अवसर है, जिसमें भक्तगण स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से श्रीराम कथा सुन सकेंगे। आयोजन की भव्यता और दिव्यता सुनिश्चित करने हेतु आगामी गुरूवार, 26 मार्च को शाम 6 बजे कमर्शियल ऑटोमोबाइल शास्त्री ब्रिज में आयोजन समिति एवं स्वागत समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कथा के सुचारू संचालन और स्वागत व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी।



## भूतपूर्व छात्र परिषद ने कालेज को किया वाटर कूलर दान

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा के भूतपूर्व छात्रों ने अभूतपूर्व कदम उठाते हुए महाविद्यालय ग्रंथालय में विद्यार्थियों को पेयजल सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से वाटर कूलर दान किया। विश्व जल दिवस के अवसर पर वाटर कूलर प्रदान करते हुए भूतपूर्व छात्र परिषद की अध्यक्ष डॉ अरुणा पाण्डे ने आशा व्यक्त की कि पुस्तकालय में अध्ययन के लिए उपस्थित विद्यार्थी इस बात का भी ध्यान रखें की जल और जीवन एकाकार है। जल ही जीवन की उत्पत्ति का कारण है। इस अवसर पर एडवोकेट रविदीप सिंह,एड रमेश पटेल,अभय ब्यौहार,अजय तिवारी,के के पटेल एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव ने इस स्तुत्य कार्य के लिए प्रमुख दानदाता सुनील बड़गैयां एवं परिषद के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# सम्राट अशोक जन्म जयंती महोत्सव पर शोभा यात्रा कल

## शाम 5 बजे ग्रेनेड चौक से गौरीघाट तक जाएंगी यात्रा



**जबलपुर।** प्रियदर्शी "महान" सम्राट अशोक की 2330वीं जयंती के अवसर पर 26 मार्च 2026, चैत अशोक अष्टमी को शाम 5:00 बजे ग्रेनेड चौक रामपुर से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर सम्राट अशोक चौक, गौरीघाट में समापन होगी। ई.पू. 304 में जन्मे मौर्यवंश के तीसरे सम्राट अशोक ने ई.पू. 273 से 232 तक शासन किया। कलिंग विजय के बाद उन्होंने बुद्ध की शरण लेकर बौद्ध धम्म की दीक्षा ली और सारनाथ में 52 फीट ऊंचा अशोक स्तम्भ बनवाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा हेतु प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। शोभा यात्रा के आयोजन में जबलपुर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, माताएँ, बहनें और बच्चे शामिल होंगे। गठन के प्रमुख पदाधिकारी और संयोजक जैसे डॉ. राजेन्द्र पिल्ले, अध्यक्ष वृन्दावन वर्मा, महासचिव उदयभद्र बौद्ध सहित अन्य सदस्यों ने जनता से इस भव्य आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है।



### लोक-भक्ति और शास्त्रीय कला का संगम होगा 27 मार्च को माँ नर्मदा तट पर

## रामनवमी पर गौरीघाट में होगा 'आविर्भाव समारोह'

**जबलपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर जबलपुर के गौरीघाट में 27 मार्च को शाम 6:30 बजे माँ नर्मदा के पवित्र तट पर आविर्भाव समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत नरसिंहपुर के लोकगायक सुमित दुबे और उनकी टीम के भक्ति गीतों से होगी, जिसमें बुंदेली लोकधारा में श्रीराम की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इसके बाद भोपाल की नृत्यांगना नूपुर माहौर भरतनाट्यम शैली में 'लव-कुश की रामायण' पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत करेंगी, जिसमें श्रीराम के आदर्श और धर्मनिष्ठा को सजीव किया जाएगा। समारोह का समापन सिवनी के रुद्रकांत ठाकुर के भावपूर्ण भक्ति गायन से होगा। यह आयोजन जन-मानस को भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, रामकथा और भक्ति रस से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

# ओपन जिम का हुआ शुभारंभ, नागरिकों को मिलेगी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं

### विधायक अजय बिश्नोई ने किया उद्घाटन, फिटनेस को बढ़ावा देने की पहल



**मझौली।** नगर परिषद मझौली में नागरिकों के स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अजय बिश्नोई ने विधिवत फीता काटकर ओपन जिम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि नियमित व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है और ओपन जिम के माध्यम से नगरवासियों को निःशुल्क व्यायाम की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने नगर परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सुविधा शहर के विकास और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। उद्घाटन कार्यक्रम में नगर परिषद के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद ने बताया कि ओपन जिम में आधुनिक व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं, जिससे युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग भी आसानी से व्यायाम कर सकेंगे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा राजेन्द्र चौरसिया, जनपद अध्यक्ष विद्या दिनेश चरसिया, उपाध्यक्ष गामा सोनकर एवं सभी पार्षद गण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## रेलवे के बंगले में दीवार फांदकर गिरा चोर जख्मी

**जबलपुर।** मुख्य रेलवे स्टेशन के सामने स्थित श्वेताम्बरी रेस्ट हाउस के पास बने रेलवे बंगले में चोरी की नीयत से घुसे एक युवक उस समय जख्मी हो गया, जब कथित चोर ने सुबह 9.30 बजे दीवार फांदकर अंदर कूदने की कोशिश की। इस दौरान वह गिरा और बुरी तरह जख्मी हो गया। गिरने के बाद आरोपी झाड़ियों में फंस गया और भाग भी नहीं पाया। दरअसल कथित चोर पश्चिम मध्य रेलवे जोन कार्यालय में चीफ कामर्शियल इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ महिला रेल कर्मचारी पुष्पा द्विवेदी के बंगले में घुसने की कोशिश कर रहा था। युवक की आवाज सुनकर पुष्पा द्विवेदी अपनी मां के साथ तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया।घटना के बाद महिला रेल अधिकारी पुष्पा द्विवेदी ने अन्य रेल कर्मचारियों की सहायता से घायल चोर को पकड़ लिया। इसके बाद तत्काल सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लिया। पुलिस के मुताबिक पुष्पा द्विवेदी जब सुबह 9:30 बजे ड्यूटी पर जाने की तैयारी कर रही थीं। तभी यह वाक्या हुआ।

# समृद्ध किसान, सशक्त मध्यप्रदेश : बघेल

## कृषि उपज मंडी में भाजपा किसान सेवा सप्ताह का शुभारंभ



**सिहोरा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के निर्देशन में सिहोरा कृषि उपज मंडी में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में किसान मोर्चा के द्वारा किसान सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया।भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसानों के लिए स्वच्छ जल प्याऊ छांछ व जलजीरा नींबू पानी उपलब्ध कराने हेतु सिहोरा कृषि उपज मंडी प्रांगण में जल सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री बघेल ने कहा कि किसान मोर्चा के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश की कृषि उपज मंडीयो में किसान सेवा सप्ताह के अंतर्गत मंडी में आने वाले किसानों एवं आमजन को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध कराना एवं उन्नत कृषि करने वाले किसानों के सम्मान व उनके स्वास्थ्य की चिंता को देखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री,प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजा मोर, अनंत नौगरहिया, कृष्ण कुमार दुबे, विशेष सिंह राजपूत, आयुष सेठी, वीरेंद्र पटेल,रोहित यादव,मंडी सचिव सविता धुर्वे सहित अनेक किसान उपस्थित थे।







# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : यादव

### कांग्रेस को विजय दिलाने कमर कसने का किया आव्हान

**सिहोरा।** राजनीति में विचारधारा,नीतियां और नेतृत्व जितने महत्वपूर्ण होते हैं उतना ही ज़रूरी होता है कि उन्हें जमीनी स्तर पर ले जाने वाला कोई सशक्त तंत्र मौजूद हो। यह तंत्र कार्यकर्ताओं से बनता है।उक्त आशय के उद्गार पूर्व विधायक एंव जिला ग्रामीण अध्यक्ष कांग्रेस ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटैल के संयोजन में आयोजित कार्यकर्ता एंव नव नियुक्त पदाधिकारी सम्मान समारोह में व्यक्त किये। आयोजक में कांग्रेस महासचिव पार्षद राजेश चौबे ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का अंग वस्त्र भेंटकर सम्मान किया। यादव ने आगे कहा कि कार्यकर्ता व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर सामूहिक हित के लिए काम करते हैं।वे अपनी निजी व्यस्तताओं से समय निकालकर न केवल लोगों के बीच जाते हैं वरन कभी सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं तो कभी राजनीतिक संदेश पहुँचाते हैं।चुनाव हो या आपदा कार्यकर्ता हमेशा आगे रहते हैं। इन्हीं देव तुल्य कार्यकर्ता के कारण ही कांग्रेस रुपी वट वृक्ष की जड़ इतनी गहरी है जिसे कोई राजनैतिक दल नुकसान नहीं पहुंचा सकता। कार्यक्रम को पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया,अमोल चौरसिया,राजेश चौबे सहित अनेक वरिष्ठ जनों ने सम्बोधित किया।

### नव नियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान

कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की नव नियुक्त कार्यकारणी के पदाधिकारियों के साथ साथ बड़े नेताओं से लेकर पंचायत अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों सहित हर स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।संगठन की मजबूती की दिशा में उठाये गये कदम में सबसे बड़ा संदेश था एक जुटता।पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर यह भी संकल्प लिया कि विधानसभा क्षेत्र में संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के साथ जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।एंव पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय और मज़बूत बनाया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रुपेन्द्र पटेल, राजेश तिवारी, नसीम कुरैशी, दिलीप सिंह ठाकुर, आलोक पांडे,नगर अध्यक्ष पवन सोनी, सुकीर्ति त्रिपाठी,डब्बू पाठक, मनीष शुक्ला, रमा चौरसिया, नीतू शुक्ला, मनीषा पटेल, माधुरी गणेश दाहिया, सीमा ठाकुर, अलका डेंगरे, अवसर पटेल, संतोष पटेल, दीपक पटेल, दिनेश पटेल, फिरोज खांन, इकबाल भाईजान, शेख साबिर,जमीला बानो,राजेश पटेल,ओम नारायण श्रीवास्तव,डाक्टर रमेश पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मातृशक्ति की वाहन रैली एवं मूर्ति स्थापना कलशयात्रा आज

**सिहोरा।** खितौला की मातृशक्ति द्वारा इस वर्ष भी वाहन रैली निकाली जायेगी वहीं प्रज्ञा बिहार कालोनी में नवनिर्मित मंदिर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हेतु शोभायात्रा भी आज ही निकाली जायेगी। मातृशक्ति द्वारा वाहन रैली दोपहर 3 बजे पूजन अर्चन के बाद बाबाशाला कटरा मोहल्ला से प्रारम्भ होगी जो झंडा बाजार, कालभैरव चौक, सरावगी मोहल्ला, महावीर चौक, बाबाताल, खितौला बाजार से होकर पुराने बस स्टेंड पुलिस थाना प्रांगण में समापन होगा। प्रज्ञा बिहार कालोनी में नवनिर्मित श्री हरिहर धाम में मूर्ति स्थापना समारोह कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। आयोजक प्रभात कुररिया ने बताया नव निर्मित मंदिर में स्थापित होने वाली माता दुर्गा, श्रीराम,लक्ष्मण,सीता, शिवजी एंव हनुमान जी की भव्य मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया है जिसकी कलश यात्रा बाबाताल शिव मंदिर से सायं 4 बजे प्रारंभ होगी 26 मार्च को पूजन स्थापना एवं 27 मार्च को हवन कन्या भोजन, भंडारे का दोपहर 12 बजे से किया गया है। आयोजन में सभी से पहुंचने की अपील की है।

## 240 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** मझौली पुलिस ने बचैया तिराहा शिव मंदिर के पीछे पीपल के पेड़ के पास मादक पदार्थ गांजे के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 240 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 12 हजार रुपए की बताई गई है।मझौली थाना प्रभारी नेहरु सिंह खण्डाते ने गत दिवस मुखबिर की सूचना पर बचैया तिराहा शिव मंदिर के पीछे पीपल के पेड़ के पास मादक पदार्थ गांजे की तस्करी में लिप्त खबरा निवासी 45 वर्षीय राकेश पुरी को गिरफ्तार कर उसके पास से 240 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते मामला जांच में लिया है।



**श्री हरी लाल धमेरिया-** न्यू कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी राहुल धमेरिया के पिता श्री हरी लाल धमेरिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपाल दास गंगराडे-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री गोपाल दास गंगराडे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुंदर प्रजापति-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री सुंदर प्रजापति (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेनू श्रीवास्तव-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री आरके श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती रेनू श्रीवास्तव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**अथिवा यादव-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अभिषेक यादव के अल्पायु पुत्री अथिवा यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री स्नेहलता वर्मा-** सिविल लाइन सर्किट हाउस नं. 2 के पास निवासी श्री एसपी वर्मा की पुत्री सुश्री स्नेहलता वर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम




संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरिदास पंजवानी-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री हरिदास पंजवानी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीनिवास गुप्ता-** शिवनगर छापर रीवा कॉलोनी निवासी श्रीनिवास गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार-** इंद्रा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री अशोक कुमार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती ग्यारसी बाई-** डिफेंस कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री सुंदर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती ग्यारसी बाई (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कालिंदी चौबे-** शिवश्याम काम्पलेक्स शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री जीतेंद्र कुमार चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती कालिंदी चौबे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# देश में 10 साल में 11 एयरलाइंस बंद, कंपनियों के सिर पर 400 करोड़ तक का कर्ज

## अंदर की सच्चाई को सरकार ने संसद में बताया, एविएशन सेक्टर में लागत बहुत ज्यादा होती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत का एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ता हुआ जरूर दिखता है, लेकिन इसके अंदर की सच्चाई उतनी आसान नहीं है। सरकार ने संसद में बताया है कि साल 2016 के बाद से अब तक देश में 11 एयरलाइंस अपने ऑपरेशन बंद कर चुकी हैं। यह आंकड़ा दिखाता है कि इस सेक्टर में मौके जितने बड़े हैं, जोखिम भी उतने ही ज्यादा हैं।

यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राज्यसभा में टीएमसी सांसद साकेत गोखले के सवाल के जवाब में दी। सरकार ने साफ किया कि एयरलाइंस के बंद होने के पीछे मुख्य वजह वित्तीय दबाव, विमानों की कमी और कंपनियों के अंदरूनी मैनेजमेंट से जुड़े मुद्दे रहे हैं। एविएशन सेक्टर में लागत बहुत ज्यादा होती है। ईंधन की कीमत, लीज पर लिए गए एयरक्राफ्ट का खर्च, एयरपोर्ट चार्ज और मेंटेनेंस जैसे खर्च कंपनियों पर भारी पड़ते हैं। अगर पैसों का फ्लो सही नहीं रहा या मैनेजमेंट में गड़बड़ी हुई, तो एयरलाइंस के लिए टिके रहना मुश्किल हो जाता है। सरकार के मुताबिक एयरलाइंस एक डीरगुलेटेड माहौल में काम करती हैं, जहां वे अपने बिजनेस फैसले खुद लेती हैं। यही वजह है कि सरकार उनके ऑपरेशनल या फाइनेंशियल मामलों में सीधे दखल नहीं देती।

### सरकार क्या कर रही है

हालांकि सरकार ने यह जरूर कहा कि वह सेक्टर को मजबूत करने के लिए पॉलिसी स्तर पर लगातार काम कर रही है। इसमें एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, ट्रैफिक राइट्स को आसान बनाना और नए एयरक्राफ्ट जोड़ने में मदद शामिल है। इसके अलावा उड़ान योजना के जरिए छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे डिमांड बढ़े और एयरलाइंस को नए रूट्स मिलें। ई गवर्नेंस और आसान प्रक्रियाओं के जरिए भी बिजनेस करना आसान बनाने की कोशिश की जा रही है।



### इंडस्ट्री में बड़े बदलाव

सरकार ने यह भी बताया कि एविएशन सेक्टर में तेजी से स्ट्रक्चरल बदलाव हो रहे हैं। एयरएशिया इंडिया अब एआईएक्स कनेक्ट के नाम से जानी जाती है और इसका विलय एयर इंडिया एक्सप्रेस में हो चुका है। वहीं विस्तारा का भी विलय एयर इंडिया में किया जा चुका है, जिससे साफ है कि इंडस्ट्री अब कंसोलिडेशन की तरफ बढ़ रही है।

---

## खबर संक्षेप



### जीएसपी क्रॉप का निर्गम 4 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 320 के मुकाबले करीब चार प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 332.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में 13.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 362.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 2.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,535.12 करोड़ रुपये रहा।

### एसीएमई सोलर ने बैटरी भंडारण क्षमता शुरू की

**नई दिल्ली।** एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने उसकी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से अतिरिक्त 155 मेगावाट/470.25 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) क्षमता शुरू कर दी है।



कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इसके साथ ही उसकी कुल चालू बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़कर 297.67 मेगावाट/951.74 मेगावाट-घंटा हो गई है। वहीं इसकी विशेष इकाई के तहत नियोजित कुल बीईएसएस क्षमता 835 मेगावाट/3,114.64 मेगावाट-घंटा है।


### सुजलॉन को गेल से मिली 100 मेगावाट की परियोजना



**नई दिल्ली।** सुजलॉन समूह ने गेल (इंडिया) लि. से 100 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के बयान के अनुसार, यह वित्त वर्ष 2025-26 में सुजलॉन को मिला चौथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) ऑर्डर है, जो इसकी मजबूत और समग्र क्षमताओं को दर्शाता है। इस परियोजना से उत्पन्न बिजली महाराष्ट्र के नंदुरबार में गेल के आगामी पेट्रोरसायन संयंत्र को कॉर्बन उत्सर्जन में कटौती करने में मदद करेगी।

### आरआईआईटी का शेयर 8 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) समर्थित 'राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (आरआईआईटी) का शेयर अपने निर्गम मूल्य 100 रुपये के मुकाबले आठ प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।



बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से आठ प्रतिशत अधिक 108 रुपये पर कारोबार शुरू किया। एनएसई पर यह सात प्रतिशत की तेजी के साथ 107 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,375.60 करोड़ रुपये रहा।

### मारुति गुजरात संयंत्र पर 10,189 करोड़ करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि वह गुजरात में अपने नए विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण में 2.5 लाख वाहनों की उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 10,189 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के खोराज औद्योगिक क्षेत्र स्थित विनिर्माण संयंत्र में सालाना 2.5 लाख वाहनों की पहले चरण की क्षमता जोड़ने को मंजूरी दे दी है। यह देश में इस प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी का पांचवां विनिर्माण संयंत्र होगा।

---

### ईरान पर हमले की योजना अस्थायी रूप से टालने का असर

# ट्रंप के बयान से बाजार में लौटी बहार, 1372 अंक उछलकर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी में भी रौनक

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

■ एशिया के अन्य बाजारों में भी बढ़त दर्ज की गई

### ट्रंप ने हमले की समयसीमा पांच दिन टाली

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।



NSE NIFTY — TOP GAINERS — March 24, 2026

| % | | POINTS |
|---|---|---|
| +5.49 | IndiGo | 4,162.00 |
| +5.17 | LT | 3,515.10 |
| +4.97 | Bajaj Finance | 853.00 |
| +4.89 | Eternal | 238.05 |
| +4.68 | Asian Paints | 2,220.50 |
| +4.04 | Apollo Hospitals | 7,433.50 |
| +3.95 | UltraTech Cement | 10,771.00 |
| +3.54 | Tech Mahindra | 1,433.00 |
| +3.35 | Shriram Finance | 907.10 |
| +3.35 | Kotak Bank | 368.50 |



BSE SENSEX — TOP GAINERS — March 24, 2026

| % | | POINTS |
|---|---|---|
| +5.19 | LT | 3515.35 |
| +5.18 | IndiGo | 4151.15 |
| +4.85 | Eternal | 237.95 |
| +4.69 | Bajaj Finance | 850.00 |
| +4.54 | Asian Paints | 2216.80 |
| +3.87 | UltraTech Cement | 10760.85 |
| +3.57 | Tech Mahindra | 1432.90 |
| +3.11 | Adani Ports | 1344.30 |
| +3.03 | Kotak Bank | 387.15 |
| +2.88 | HDFC Bank | 765.15 |

### बाजार में सकारात्मक उछाल रहा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक उछाल देखने को मिला। पिछले सत्र की भारी बिकवाली के बाद बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यह उछाल मुख्य रूप से जोखिम धारणा में नरमी के कारण हुआ। अमेरिका-ईरान तनाव में संभावित कमी के शुरुआती संकेतों ने निवेशकों का कुछ भरोसा बहाल करने में मदद की है।'' एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी रही। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में ज्यादातर नुकसान में थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### निवेशक सतर्क रुख अपना रहे

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों में अस्थायी विराम के बाद घरेलू बाजार में राहत भरी तेजी देखी गई। इससे पश्चिम एशिया में तनाव को कम करने में और अधिक गुंजाइश मिल सकती है।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास के घटनाक्रमों पर अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा में निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।''

### निवेशकों ने कमाए 7.56 लाख करोड़

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,78,312.77 करोड़ रुपये (4,500 अरब डॉलर) हो गई। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.77 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 2.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,968 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,295 में गिरावट आई। वहीं 168 के भाव अपरिवर्तित रहे।

---

# सोना 1,200 चढ़कर 1.44 लाख रुपए पर चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसके भाव 1,200 रुपये बढ़कर 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। वहीं चांदी की कीमतें 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रहीं।

■ चांदी 2.30 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने घरेलू सोने की कीमतों में आए इस उछाल का श्रेय वैश्विक जिंस बाजारों में आये सुधार और हाल ही में कीमतों में आई भारी गिरावट के बाद निचले स्तर पर हुई कुछ खरीदारी को दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना नौ सत्रों की गिरावट के बाद संभला और 16.96 डॉलर या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 4,423.83 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''लगातार नौ दिन तक गिरने के बाद, हाजिर सोना विदेशी बाजारों में लगभग 4,420 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर कारोबार कर रहा है। ईरान युद्ध को लेकर सावधानी भरी उम्मीदें इसकी वजह हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों के खिलाफ पांच दिनों के संघर्षविराम की घोषणा की है।''

### निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्षविराम की प्रभावशीलता को लेकर अभी संदेह बना हुआ है, जिसके चलते निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि भू-राजनीतिक मोर्चे से मिल रहे मिले-जुले संकेतों के कारण निकट भविष्य में सर्राफा की कीमतें अस्थिर रहने की संभावना है।

---

# टाटा पावर ने जीयूवीएनएल के साथ किया बिजली खरीद करार



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टाटा पावर की मूंदड़ा संयंत्र का संचालन करने वाली उसकी इकाई कोस्टल गुजरात पावर लिमिटेड (सीजीपीएल) ने गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ अनुपूरक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''मूंदड़ा स्थित इकाइयों के संचालन के अस्थायी निलंबन के संदर्भ में हम सूचित करते हैं कि कंपनी ने टाटा पावर मूंदड़ा संयंत्र के लिए जीयूवीएनएल (गुजरात) के साथ अनुपूरक पीपीए निष्पादित किया है।'' टाटा पावर की योजना इसी तरह के समझौते महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के साथ करने की भी है। कंपनी ने दो जुलाई 2025 को मूंदड़ा संयंत्र की सभी इकाइयों का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। संयंत्र बंद रहने से उसे नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे पहले कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया था कि गुजरात मंत्रिमंडल ने अनुपूरक पीपीए को मंजूरी दे दी है और इसके लिए सरकारी आदेश भी जारी किया जा चुका है।

■ कंपनी महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा से भी करेगी करार

### कच्छ में पांच इकाइयां है

नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद कंपनी और जीयूवीएनएल के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। गुजरात के कच्छ में स्थित 4,000 मेगावाट का मूंदड़ा अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट (यूएमपीपी) कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र है। इसमें 800-800 मेगावाट की पांच इकाइयां हैं। यह संयंत्र गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान को बिजली आपूर्ति करता है।

---

# आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 55,837 करोड़ रुपए डाले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग प्रणाली में तीन दिवसीय 'वैरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिये मंगलवार को 55,837 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली।



केंद्रीय बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर डाली गई। यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक अनुमानित नकदी करीब 26,196.36 करोड़ रुपये आंकी गई है। केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 2,08,208 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

---

# एथेनॉल का उपयोग रसोई ईंधन के रूप में विकसित करने पर जोर

## एलपीजी पर निर्भरता कम होगी, जैव ईंधन का उपयोग बढ़ाने का आव्हान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेट्रोलियम उद्योग ने मंगलवार को उद्योग जगत के दिग्गजों से एथनॉल को भारतीय परिवारों के लिए एक स्वच्छ रसोई ईंधन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। उद्योग का मानना है कि इससे आयातित एलपीजी पर निर्भरता कम करने और जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को बल मिलेगा।

फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री (एफआईपीआई) के निदेशक (डाउनस्ट्रीम) आर एस रवि ने ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह अपील की। उन्होंने एथनॉल आधारित रसोई स्टोव पर जारी शोध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एलपीजी उपकरण अनुसंधान केंद्र (एलईआरसी) और विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में इस दिशा में काफी काम हो रहा है तथा इसके प्रारूप (प्रोटोटाइप) जल्द ही तैयार होने की संभावना है। रवि ने इस संबंध में एआईडीए और उसके सदस्यों से दो प्रमुख मोर्चों पर सक्रिय सहयोग मांगा। उन्होंने इन स्टोव के उत्पादन को बढ़ाने के लिए विनिर्माताओं के साथ जुड़ने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से सीधे घरों तक एथनॉल पहुंचाने के लिए एक व्यावहारिक आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने पर जोर दिया।



### उद्योग थोक में कर रहा आपूर्ति

रवि ने स्पष्ट किया कि अभी तक उद्योग पेट्रोलियम कंपनियों को थोक में आपूर्ति कर रहा है, लेकिन अब इस मॉडल को बदलने और वितरण के प्रभावी स्वरूप पर विचार करने की आवश्यकता है। उनकी यह टिप्पणी पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण (ई-20) के सफल कार्यान्वयन की पृष्ठभूमि में आई है।

---

# मणिपाल हेल्थ का आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** सिंगापुर की दिग्गज निवेश कंपनी टेमासेक समर्थित अस्पताल श्रृंखला 'मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेस' ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। कंपनी की योजना 8,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करने की है। सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, इस निर्गम में नए शेयर के अलावा प्रवर्तकों और निवेशकों द्वारा 4,32,27,668 इक्विटी शेयरों की 'बिक्री की पेशकश' (ओएफएस) भी शामिल होगी। इसमें इंपीरियस हेल्थकेयर इन्वेस्टमेंट्स, मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप इंडिया के साथ-साथ टीपीजी एसजी मैगजीन और नोवो होल्डिंग्स जैसे निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त होने वाली 5,378 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग अपनी इकाई 'मणिपाल हॉस्पिटल्स' द्वारा लिए गए ऋणों के भुगतान के लिए करेगी।




---

# गैर-पंजीकृत क्षेत्रों में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गैर-पंजीकृत उद्यम क्षेत्र में रोजगार 2025 में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 12.80 करोड़ हो गया। इस अवधि के दौरान 74.52 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए। सरकार के एक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। मंगलवार को जारी गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई), 2025 के अनुसार, अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024 की अवधि के दौरान इस क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या 12,05,99,800 थी जो 2025 में बढ़कर 12,80,51,800 हो गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जनवरी, 2025 से दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। इस क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 7.97 प्रतिशत बढ़कर 2025 (जनवरी 2025-दिसंबर 2025) में 7.92 करोड़ हो गई जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में 7.34 करोड़ थी। सर्वेक्षण के अनुसार, 'अन्य सेवाएं' क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में 10.29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। इसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 6.48 प्रतिशत और व्यापार क्षेत्र में 6.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विस्तार को बताती है। इसी अवधि के दौरान, आर्थिक प्रदर्शन के एक प्रमुख संकेतक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 10.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसका मुख्य कारण व्यापार क्षेत्र में 16.77 प्रतिशत की वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र में 8.52 प्रतिशत की वृद्धि और अन्य सेवा क्षेत्रों में 7.36 प्रतिशत की वृद्धि थी।

■ 74.52 लाख नए रोजगार सृजित: सर्वेक्षण



### श्रम बाजार में 12.81 करोड़ श्रमिक कार्यरत

श्रम बाजार के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान इस क्षेत्र में लगभग 12.81 करोड़ श्रमिक कार्यरत थे, जो 2023-24 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) की तुलना में 74.52 लाख अधिक हैं। यह श्रम बाजार के मजबूत विस्तार को दर्शाता है।

---

## कारोबारी साल 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान घटाकर किया 5.9 फीसदी

# संकट के बीच भारत को झटका! गोल्डमैन ने घटाया जीडीपी अनुमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गोल्डमैन सैक्स ने कारोबारी साल 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले उन्होंने 7 प्रतिशत का अनुमान लगाया था। यह गिरावट मुख्य रूप से वैश्विक तनाव और तेल की बढ़ती कीमतों के चलते आई है।

■ गिरावट मुख्य रूप से वैश्विक तनाव और तेल की बढ़ती कीमतों के चलते आई

गोल्डमैन ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि साल 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि ईरान में जंग शुरू होने से पहले उनका अनुमान 7 प्रतिशत था। वॉल स्ट्रीट के इस बैंक ने बीते 13 मार्च को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास के अनुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था।




### भारत ऊर्जा का मुख्य रूप से आयातक

गोल्डमैन के विश्लेषकों द्वारा विकास के अनुमान में यह ताजा कटौती तेल की कीमतों और आपूर्ति में रुकावट की अवधि के बारे में उनकी मान्यताओं में बदलाव के बाद की गई है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, शुद्ध ऊर्जा आयातक भारत के लिए विदेशी मुद्रा, मुद्रास्फीति और राजकोषीय जोखिम का एक प्रमुख कारण हैं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार फीसदी गिर चुका

रुपए में गिरावट भी गोल्डमैन के लगाए गए अनुमान की एक बड़ी वजह है। पिछले साल 4.7 प्रतिशत कमजोर होने के बाद 2026 में अब तक रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4 प्रतिशत तक गिर चुका है। रुपया अभी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर (93-95 रुपए के आसपास) पर है। इससे आयात अभी महंगा बना हुआ है। गोल्डमैन ने कहा कि चूंकि मुद्रा पर गिरावट का दबाव बना हुआ है इसलिए खुदरा कीमतों पर विदेशी मुद्रा विनिमय दर में बदलाव का असर काफी अधिक होने की संभावना है।

### ग्रोथ अनुमान घटाने के कारण

ईरान-इजरायल और अमेरिका में तनाव के चलते वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता का माहौल है। गोल्डमैन को अब उम्मीद है कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते होने वाली सप्लाई में लगभग पूरी तरह से आई रुकावट अप्रैल के मध्य तक जारी रहेगी और उसके बाद अगले 30 दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। इस दौरान ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत मार्च में 105 डॉलर और अप्रैल में 115 डॉलर रहेगी। इसके बाद साल की चौथी तिमाही में यह गिरकर 80 डॉलर प्रति बैरल हो जाएगी।

### भारतीय मुद्रास्फीति में होगी वृद्धि

बैंक के विश्लेषकों को अब उम्मीद है कि भारत में मुद्रास्फीति 2026 में बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो जाएगी, जबकि पहले उनका अनुमान 3.9 प्रतिशत था। हालांकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक की टॉलरेंस लिमिट (स्वीकार्य सीमा) के भीतर ही रहेगी। फिर भी गोल्डमैन को उम्मीद है कि भारतीय मुद्रा में हो रही गिरावट के दबाव का मुकाबला करने के लिए पॉलिसी रेपो दर में 50 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी की जाएगी।

## चिंतन

# धर्मांतरण रोकने में अहम साबित होगा सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं हो सकता यानी वह अनुसूचित जाति के लोगों को मिलने वाले लाभ व विशेषाधिकारों का पात्र नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता वाली दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। पीठ ने संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का 30 अप्रैल 2025 का आदेश को बरकरार रखा और कहा कि यह स्थिति स्पष्ट है। यह फैसला भारतीय सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। यह निर्णय मूलतः उस संवैधानिक ढांचे की पुनर्पुष्टि है, जो अनुसूचित जातियों को ऐतिहासिक-सामाजिक भेदभाव के आधार पर संरक्षण देता है। अदालत का तर्क यह है कि जाति-आधारित उत्पीड़न मुख्यतः उन धर्मों की सामाजिक संरचना से जुड़ा है, जहां जाति व्यवस्था मौजूद है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति ईसाई या इस्लाम जैसे धर्म को अपनाता है, जहां सैद्धांतिक रूप से जाति व्यवस्था नहीं मानी जाती तो उसे अनुसूचित जाति के विशेष अधिकारों जैसे आरक्षण व कानूनी संरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस फैसले का पहला बड़ा प्रभाव आरक्षण व्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे लोग जिन्होंने धर्म परिवर्तन किया है लेकिन अभी तक एससी प्रमाणपत्र रखते हैं, अब कानूनी रूप से उन लाभों के पात्र नहीं रहेंगे। इससे शिक्षा, सरकारी नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी स्थिति प्रभावित हो सकती है। यह प्रशासनिक स्तर पर भी चुनौती पैदा करेगा, क्योंकि कई मामलों में धर्म परिवर्तन के बाद भी जाति प्रमाणपत्र रद्द नहीं किए जाते। दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के उपयोग पर पड़ेगा। इससे ऐसे मामलों में कमी आ सकती है, जहां आरोप लगाया जाता रहा है कि कानून का दुरुपयोग हुआ। हालांकि इसके साथ ही यह चिंता भी उठेगी कि धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के साथ होने वाले भेदभाव को अब किस कानूनी ढांचे में संबोधित किया जाएगा। तीसरा पहलू सामाजिक और राजनीतिक बहस का है। लंबे समय से यह मुद्दा उठता रहा है कि धर्म परिवर्तन के बावजूद सामाजिक भेदभाव समाप्त नहीं होता। ऐसे में यह निर्णय इस बहस को और तेज कर सकता है कि क्या एससी दर्जा केवल धर्म से जुड़ा होना चाहिए या सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर तय होना चाहिए। यह फैसला केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह सरकार और समाज दोनों के सामने यह चुनौती रखता है कि वे धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए एक संतुलित और समावेशी नीति तैयार करें, ताकि समानता और न्याय के संवैधानिक आदर्शों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। हालांकि यह फैसला भविष्य में धर्मांतरण पर रोक लगाने में भी मील का पत्थर साबित हो सकता है। अनेक बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पर प्रलोभन देकर अनुसूचित जाति के लोगों का धर्मांतरण कराने का आरोप लगा है। इस फैसले से एससी वर्ग के लोग धर्मांतरण करने से बचेंगे।



आर्थिकी
बृजेश कुमार द्विवेदी

# पेट्रो समस्या और आज का भारत

> अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति श्रृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है

भारत ने ऊर्जा अस्थिरता का दौर पहले भी देखा है। विशेष रूप से 1973 में तेल समस्या के समय, जब तेल उत्पादक देशों द्वारा आपूर्ति सीमित कर दी गई थी, दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं हिल गईं थीं। उस दौर में भारत आयात पर निर्भर था और देश के पास न तो पर्याप्त भंडारण था और न ही विविध आपूर्ति के स्रोत थे इसलिए गंभीर दबाव में आ गया था। तब महंगाई बढ़ी, आर्थिक विकास प्रभावित हुआ और ऊर्जा सुरक्षा की सीमाएं स्पष्ट हो गईं, लेकिन पांच दशकों में भारत की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज का भारत उस समय के भारत से कई मायनों में अलग है- नीतिगत रूप से भी और संरचनात्मक रूप से भी। सबसे बड़ा बदलाव ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण है। अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है।

मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति श्रृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। अतीत में इसकी अनुपस्थिति ने संकट को गहरा किया था, लेकिन आज भारत ने आपात स्थितियों से निपटने के लिए भंडारण की मजबूत व्यवस्था विकसित की है। यह किसी भी अचानक वैश्विक झटके के समय देश को आवश्यक समय और स्थिरता प्रदान करता है। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी आईईए ने कहा कि संघर्ष के कारण वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न हुई है, जो 1970 के दशक के संकट को भी पार कर गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में अपने अपने संबोधन में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का उल्लेख किया, जो वैश्विक तेल व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण जीवन रेखा मानी जाती है। भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा इसी समुद्री रास्ते से मंगवाता है। युद्ध की वजह से इस रास्ते पर जहाजों का आवागमन बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा हो गया है। चूंकि भारत अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है, इसलिए आपूर्ति में जरा सी भी अनिश्चितता देश के करोड़ों रसोईघरों के बजट को बिगाड़ सकती है।

सरकार का मुख्य फोकस इसी बात पर है कि युद्ध के बावजूद सामान्य परिवारों तक गैस और पेट्रोल-डीजल की पहुंच बाधित न हो। गैस क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार, एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना और सिटी गैस वितरण व्यवस्था ने ऊर्जा की पहुंच को अधिक व्यापक और विश्वसनीय बनाया है। फिर भी, यह मान लेना कि भारत पूरी तरह सुरक्षित है, यह भी उचित नहीं होगा। देश अभी भी अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर घरेलू बाजार पर पड़ता ही है। युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। यही कारण है कि आत्मनिर्भरता और वैकल्पिक ऊर्जा पर जोर पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।




ओएनजसी समेत पेट्रो से सम्बंधित संस्थाओं के माध्यम से घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयास और सौर, पवन तथा ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्पों में निवेश, भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा तय करेंगें। आज का भारत 1970 के दशक के संकटग्रस्त भारत से कहीं अधिक सक्षम, सजग और तैयार है। प्रधानमंत्री का आश्वासन इसी बदले हुए परिदृश्य का संकेत है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भारत ने जमीन के नीचे कच्चे तेल का विशाल भंडार तैयार किया है, जिसे स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व जिसे एसपीआर कहा जाता है। वर्तमान में भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कच्चा तेल सुरक्षित रखा हुआ है। यह भंडार मुश्किल वक्त में देश की लाइफ लाइन साबित हो सकता है। इसके अलावा, सरकार 65 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त भंडारण क्षमता विकसित करने पर भी तेजी से काम कर रही है। यह सरकारी रिजर्व तेल कंपनियों के पास मौजूद अपने निजी स्टॉक से बिल्कुल अलग है, जो केवल राष्ट्रीय संकट के समय इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रखा गया है। संसद में प्रधानमंत्री ने ये भी बताया कि सरकार न केवल मौजूदा स्टॉक को मैनेज कर रही है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए फर्टिलाइजर और कच्चे तेल के नए स्रोतों की तलाश भी कर रही है। तेल कंपनियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने पास पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखें, ताकि किसी भी अल्पकालिक बाधा का असर आम जनता पर न पड़े। आज की वैश्विक परिस्थितियों में किसी भी देश की संप्रभुता उसकी एनर्जी सिक्योरिटी यानी ऊर्जा सुरक्षा पर टिकी है। भारत जिस तरह से अपने पेट्रोलियम रिजर्व को बढ़ा रहा है और नए देशों के साथ व्यापारिक संबंध जोड़ रहा है, वह भविष्य के किसी भी बड़े तेल संकट के खिलाफ एक मजबूत ढाल है। यदि पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता भी है, तो भारत के पास कई महीने तक देश चलाने के लिए पर्याप्त बैकअप प्लान मौजूद है।

वहीं भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में पेट्रोलियम की कमी के चलते त्राहि-त्राहि मची हुई है। सरकारी कार्यालय हफ्ते में चार दिन खुल रहे हैं, पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, वहीं बांग्लादेश में पेट्रोल-डीजल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं और जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि भारत में ऐसा कुछ भी नहीं है। अंततः, यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है और वर्तमान ने उसे सक्षम बनाया है। यदि यही संतुलन-सतर्कता और तैयारी-बनी रहती है तो वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित रखने में हर कीमत पर सफल रहेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विजन
प्रेम प्रकाश



# ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था पर जोर बढ़ा रहा है भारत

स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट 2025 में एआई प्रतिस्पर्धात्मकता एवं बेहतर इकोसिस्टम के लिहाज से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। इसी तरह गिटहब पर एआई परियोजनाओं के मामले में हम दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं। इसके आगे के सफर के लिए भी देश पूरी तरह मुस्तैद है। केंद्र सरकार ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,372 करोड़ रुपये के विशाल परिव्यय की घोषणा करके पहले ही साफ कर दिया है कि वह केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनना चाहता है। अच्छी बात यह है कि तमाम राज्य सरकारों ने खासतौर पर नए वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजटीय प्रावधानों में केंद्र के इस विजन को स्थान दिया है। जिस राज्य ने खासतौर पर अपने बजटीय प्रावधानों से चौंकाने का क्रम जारी रखा है, वह है गुजरात। प्रदेश की भूपेंद्र पटेल सरकार ने इस बार के बजट में गिफ्ट सिटी के विस्तार के माध्यम से एआई के क्षेत्र में वैश्विक निवेश आकर्षित करने पर जिस तरह जोर दिया है, वह दिखाता है कि गुजरात का विकास मॉडल भविष्य में सशक्त होने के साथ स्मार्ट भी होगा।

गुजरात ने अपनी नई आईटी और आईटीईएस नीति के तहत एआई परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है। बजट में सेमीकंडक्टर और एआई चिप डिजाइनिंग को लेकर गुजरात को देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद हैदराबाद के अलग हो जाने से आंध्र प्रदेश के सामने लगातार यह चुनौती रही है कि अमरावती को वह इस रूप में विकसित करे कि नई राजधानी के साथ एक बड़े आईटी व एआई हब के रूप में भी उसकी पहचान स्थापित हो। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बजट में अमरावती को भविष्य की एआई राजधानी बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। राज्य सरकार ने बजट में कौशल विकास केंद्रों को एआई स्किलिंग लैब में बदलने के लिए विशेष फंड की घोषणा की है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य, जो पहले से ही आईटी हब रहे हैं, उन्होंने अब अपना ध्यान जेनरेटिव एआई पर केंद्रित किया है। कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु को वैश्विक स्तर पर एआई कैपिटल की पहचान दिलाने के लिए बजट में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के विस्तार का प्रस्ताव दिया है। इसी तरह कर्नाटक के बजट में स्टार्टअप्स के लिए एआई-एज फंड की घोषणा की गई है। वहीं, महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई और पुणे में एआई डेटा केंद्रों के निर्माण के लिए स्टांप ड्यूटी में छूट और बिजली सब्सिडी जैसे बजटीय प्रावधान किए हैं। बात करें देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने लखनऊ में भारत की पहली एआई सिटी के निर्माण को बजट की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया है। योगी सरकार को भरोसा है कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में एआई सिटी एक इंजन के रूप में काम करेगी। राज्य सरकार ने नोएडा को एक ग्लोबल डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने के लिए भी अतिरिक्त बजट दिया है, जो एआई एल्गोरिद्म को प्रोसेस करने के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करेगा। यूपी से लगा राज्य है बिहार। यह प्रदेश अब केवल पारंपरिक कृषि या श्रम-आधारित अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि आईटी पॉलिसी 2024 और नई बजट घोषणाओं के बूते वह विकास के साथ प्रशासनिक ढांचे में बड़े सुधार की दिशा में बढ़ना चाहता है। राज्य सरकार ने एआई और मशीन लर्निंग के माध्यम से राज्य के राजस्व संग्रह को पारदर्शी बनाने और बाढ़ प्रबंधन जैसे गंभीर संकटों के समाधान के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। साथ ही प्रदेश की राजधानी पटना में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क और डेटा सेंटर की स्थापना के लिए राशि आवंटित की गई है, जिसका मकसद युवाओं को डेटा एनोटेशन और एआई विकास में रोजगार देना है।



यह देखना खासा दिलचस्प है कि बीते एक दशक में जिस सहकारी संघवाद की चर्चा खूब हुई है, वह विकास के क्षेत्र में आज सहयोग और समन्वय का ऐसा मॉडल बनकर उभरा है। विचार, परंपरा और भूगोल तक की अनेक असमानताओं और चुनौतियों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए क्षेत्र में भारत आज यदि एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है तो यह नए भारत का दमखम ही नहीं, उसका नया आत्मपरिचय भी है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
**दर्शन**

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।

# कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
**प्रेरणा**

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## विरोध




**मुंबई।** प्रस्तावित वधवन बंदरगाह परियोजना का लोग विरोध कर रहे हैं। किसानों, मछुआरा समुदाय के सदस्यों और विभिन्न पर्यावरण संगठनों ने यहां विरोध में रैली निकाली जिसमें एक महिला सिर पर भारी भरकम मछली का प्रतीक रखे हुए दिखाई दे रही है।

## आज की पाती

### मोदी ने तोड़ा चामलिंग का रिकॉर्ड

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जो इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पड़ाव तब सामने आया जब नरेंद्र मोदी देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों पदों को मिलाकर 8931 दिनों तक शासन का नेतृत्व करना केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वरूप का भी संकेत है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के लंबे समय तक बने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो स्वयं स्थिर शासन और विकास के प्रतीक माने जाते रहे हैं। नरेंद्र मोदी का यह सफर साधारण परिस्थितियों से शुरू होकर असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी है।

*- विनती, सोनीपत*

## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई




असम राइफल्स के वीर जवानों, उनके परिवारों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। वे पूर्वोत्तर के दुर्गम इलाकों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं, मानवीय सहायता के माध्यम से समुदायों में विश्वास कायम करते हैं।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### नारी सशक्तिकरण



प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था का महत्वपूर्ण प्रावधान नारी सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करेगा और बेटियों को सुरक्षित व बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराएगा। विभिन्न योजनाओं तथा वित्तीय समावेशन के ये प्रावधान उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त करेंगे।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### रानी हाट



दिल्ली में "रानी हाट" स्थापित किए जाएंगे, जहां हमारी बहनें अपने हुनर, अपने उत्पाद और अपने उद्यम को एक सशक्त पहचान दे सकेंगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से हर बहन को आत्मनिर्भर बनाने, हर हाथ को सशक्त करने और हर परिवार को संबल देने का यह प्रयास है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हॉकी एशियन चैंपियनशिप



पंजाब में पहली बार हॉकी एशियन चैंपियनशिप होने जा रही है। इस उपलब्धि के पीछे पंजाब सरकार और सीएम भगवंत मान की कड़ी मेहनत है और इसी मेहनत के दम पर पंजाब अब हर क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के एक प्रांत में हिंदू संगठन की सराहना



दक्षिण अफ्रीका के गौटेंग प्रांत के प्रमुख के कार्यालय ने देश में सामाजिक सामंजस्य व मानवतावाद को बढ़ावा देने में प्रमुख हिंदू संगठन 'एसए हिंदूज' की भूमिका की सराहना की। जोहानिसबर्ग के लीनासिया में आयोजित संगठन के 10वें वार्षिकोत्सव समारोह के मौके पर उसकी यह सराहना की गई। गौटेंग के प्रमुख पनयाजा लेसुफी का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी की भूमिका की भी प्रशंसा की और बताया कि उनकी योजनाएं प्रशासन की योजनाओं से मेल खाती हैं। लेसुफी खुद इस समारोह में शामिल नहीं हो सके। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उनाथी एमफेंडु ने कहा, 'हम यह भी देख रहे हैं कि देश में भ्रष्टाचार के मुद्दों का हल कैसे निकाला जा सकता है, और पंडिता लूसी भी इसी तरह काम कर रही हैं। यही कारण है कि हम यहां उन्हें अपना समर्थन देने आए हैं।' उन्होंने 'एसए हिंदूज' की ओर से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठाए गए कई कदमों का उल्लेख किया, जिनमें खाद्य सामग्री वितरण और सामाजिक एवं कल्याण से जुड़ी सहायता शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# मनुष्य मृत्यु के बाद के जीवन से आकर्षित रहा



जैसे-जैसे हैलोवीन करीब आता है, हम भूतों, राक्षसों और पिशाचों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मृत्यु के बाद के जीवन और दूसरी दुनिया के प्रति आकर्षण कोई नई बात नहीं है: दुनिया भर की भूत की कहानियां साबित करती हैं कि यह प्रागैतिहासिक काल से मानव अनुभव का हिस्सा रहा है। 5,000 साल पहले लेखन के आविष्कार से पहले भी, मनुष्यों को उन सामानों के साथ दफनाया जाता था जो उनके बाद के जीवन में उपयोगी हो सकते थे, जैसे पीने के बर्तन या हथियार। यद्यपि प्रागैतिहासिक कब्र के सामान के अर्थ के बारे में कुछ बहस है, मेसोपोटामिया के भूत विशेषज्ञ इरविंग फिंकेल दृढ़ता से तर्क देते हैं कि वे एक विश्वास को प्रतिबिंबित करते हैं कि मृत व्यक्ति का कुछ हिस्सा अगले जीवन में बना रहेगा। मेसोपोटामिया, एक ऐतिहासिक क्षेत्र जो मोटे तौर पर आधुनिक इराक के क्षेत्र में स्थित है, दुनिया के कुछ महान साम्राज्यों का घर था। प्राचीन मेसोपोटामिया के भूत और राक्षस शायद आज डरावनी फिल्मों में अपनी उपस्थिति के कारण सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। घोस्टबस्टर्स ( में, सिगोरनी वीवर्स के दाना को ज़ूल अपने कब्जे में कर लेता है, जो काल्पनिक देवता गोज़र का एक सेवक है, जिसे फिल्म की पृष्ठभूमि में सुमेरियों द्वारा एक देवता के रूप में पूजा जाता था।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 15 हजार करोड़ में बिकी राजस्थान रॉयल्स, अमेरिकी बिजनेसमैन ने खरीदी टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इतिहास की सबसे बड़ी डील सामने आई है, जहां राजस्थान रॉयल्स को एक अमेरिकी बिजनेसमैन ने रिकॉर्ड कीमत में खरीद लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सौदा करीब 15000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा में हुआ है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है।

दरअसल, अमेरिका में बसे एंटरप्रेन्योर काल सोमानी ने एक बड़े निवेशक समूह (कंसोर्टियम) के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स को लगभग 1.63 बिलियन डॉलर यानी करीब 15300 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। बताया जा रहा है कि इस कंसोर्टियम को वॉलमार्ट फैमिली और हैम्प फैमिली का भी सपोर्ट है।

## आईपीएल की सबसे बड़ी डील

यह डील आईपीएल इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी डील मानी जा रही है। इससे पहले टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस में 67% हिस्सेदारी करीब 5025 करोड़ रुपए में खरीदी थी, जिसकी कुल वैल्यू लगभग 7500 करोड़ रुपए आंका गया था। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स की यह डील उससे दोगुनी से भी ज्यादा साबित हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सौदा आईपीएल 2026 सीजन के बाद लागू होगा। फिलहाल टीम की कमान ब्रिटिश-इंडियन बिजनेसमैन मनोज बदाले के पास है, जिनकी कंपनी इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स के पास करीब 65% हिस्सेदारी है। इसके अलावा रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स और लैकलन मर्डोक जैसे बड़े निवेशक भी इसमें शामिल हैं।




## मोटर सिटी गोल्फ क्लब के को-ओनर हैं सोमानी

काल सोमानी अमेरिका के एरिजोना स्थित स्कॉट्सडेल के रहने वाले एक सफल बिजनेसमैन हैं, जिन्हें टेक्नोलॉजी, डेटा प्राइवेसी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पोर्ट्स टेक सेक्टर में 15 साल से ज्यादा का अनुभव है। स्पोर्ट्स में भी उनकी गहरी दिलचस्पी रही है। वे मोटर सिटी गोल्फ क्लब के को-ओनर हैं। खास बात यह है कि सोमानी पहले से ही 2021 से राजस्थान रॉयल्स से जुड़े हुए थे और अब उन्होंने पूरी हिस्सेदारी लेकर टीम की कमान संभालने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस डील से साफ है कि आईपीएल की ब्रांड वैल्यू लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले समय में इसमें और बड़े ग्लोबल निवेश देखने को मिल सकते हैं।

## आकाशदीप और एडवर्ड्स की जगह खेलेंगे दुबे और पेन




**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले चोटिल आकाश दीप और जैक एडवर्ड्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरु में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल में कहा गया,'बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रुपए में केकेआर से जुड़ेंगे।' विदर्भ के 28 वर्ष के सौरभ ने अभी आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है । वह पहले एसआरएच का हिस्सा थे। इस बीच इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पेन को एसआरएच ने जैक एडवर्ड्स की जगह लिया है, जो पैर की चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें पहले एसआरएच ने तीन करोड़ रुपए में खरीदा था।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड का कप्तान बनना बड़ा सम्मान : स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले तीन महीने को अपनी कप्तानी का सबसे कठिन दौर बताया लेकिन यह भी दोहराया कि वह कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ मिलकर टीम को फिर से तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इंग्लैंड का कप्तान बनना एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सम्मान है और मैं इसे हलके में नहीं लेता। इसके अपने उतार चढ़ाव हैं। यह आपको मुस्कुराने के मौके देता है तो रूलाता भी है।' उन्होंने लिखा,' कई बार लगता है कि आपके जीवन में बस यही चीज बची है। पिछले तीन महीने कप्तानी के मेरे सफर का सबसे कठिन दौर रहा। इसने कई तरह से मेरी परीक्षा ली और मुझे यकीन है कि हर कप्तान के जीवन में ऐसा दौर आता है।' उन्होंने कहा कि वह मैकुलम और की के साथ मिलकर फिर टीम तैयार करेंगे।

### हांगकांग के खिलाफ भारतीय फुटबॉल टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रियान विलियम्स भारत के लिए पदार्पण कर सकते हैं, जिन्हें हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में होने वाले एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम में जगह मिली है। फीफा से फुटबॉल संघ बदलने की मंजूरी मिलने के बाद 31 वर्ष के विलियम्स को सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए खेलने का मौका मिल सकता है। वह बांग्लादेश के खिलाफ क्वालीफायर की तैयारी के लिए शिविर में थे लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने के कारण वह खेल नहीं सके। एशियाई कप क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी भारतीय टीम अपने अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

### थॉमस कप में भारत की अगुवाई करेंगे सेन



**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगी। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है। युवा शटलर आयुष शेट्टी को सीनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है।

**मियामी ओपन : यानिक ने एकतरफा मुकाबले में मौटेट को 6-1, 6-4 से हराया**

# एटीपी मास्टर्स में लगातार 26 सेट जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने सिनर, तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मियामी

इटली के टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने इस मामले में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविच के नाम एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 24 सेट जीतने का रिकॉर्ड था। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्ज करते हुए जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपनी फॉर्म से खुश हैं और हर मैच में ध्यान बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

### 13 मास्टर्स में 1000 मैच जीत चुके हैं सिनर

सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब जीता था। उन्होंने मार्च में भी शानदार फॉर्म को जारी रखा और पैरिबास ओपन में भी अपने दमदार प्रदर्शन को दोहराया। एटीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मियामी में अपनी दो जीत की वजह से सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं।अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है।




### 'सनशाइन डबल' हासिल करना लक्ष्य

सिनर का लक्ष्य 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' हासिल करने वाले खिलाड़ी बनने का होगा। रैंकिंग की बात करें तो सिनर इस समय वर्ल्ड नंबर 1 की रेस में कार्लोस अल्काराज (स्पेनिश खिलाड़ी) के करीब पहुंचते जा रहे हैं। कार्लोस को रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### टियाफो ने मेंसिक को कड़े मुकाबले में हराया

एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने डिफेंडिंग चैंपियन जैकब मेंसिक को कड़े मैच में 7-6(4), 4-6, 7-6(11) से हराया। 28 साल के टियाफो मियामी में पांचवीं बार और 2022 के बाद पहली बार चौथे राउंड में पहुंचे हैं। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी का अगला मैच फ्रांसीसी खिलाड़ी टेरेंस एटमेन से होगा, जिन्होंने कनाडाई टेनिस प्लेयर फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया था।

### पहले दौर में हारे युकी-वीनस



भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस मियामी ओपन के पहले दौर में जॉन पैट्रिक स्मिथ और सैंडर्स एरेंड्स से हारकर बाहर हो गए। युकी और वीनस को अंतिम 32 के मुकाबले में आस्ट्रेलिया के स्मिथ और नीदरलैंड के एरेड्स ने एक घंटे 52 मिनट में 4-6, 7-5, 15-13 से हराया। इन दोनों जोड़ियों के बीच यह पहला ही मुकाबला था। युकी इस महीने की शुरुआत में आंद्रे गोरानसन के साथ इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

**आईपीएल में नया नियम**

# अब 10 ओवर के बाद आएगा मैच में रोमांच




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल का नया सीज़न 28 मार्च से शुरू होने वाला है। बस कुछ ही दिनों में, दो टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी। इसी बीच, बीसीसीआई ने एक नया नियम पेश किया है, जो काफी दिलचस्प है। खास बात यह है कि उम्मीद की जा रही है कि यह नया नियम पहले 10 ओवर पूरे होने के बाद मैच में उत्साह की एक नई लहर लाएगा।

### गेंद बदलने से जुड़े नियम

बीसीसीआई ने आईपीएल में गेंद बदलने को लेकर एक नया नियम लागू किया है, और इसमें हिस्सा लेने वाली टीमों को इसकी जानकारी पहले ही दे दी गई है। मैच के दौरान, अगर गेंद किसी ऐसी जगह चली जाती है जहाँ से उसे वापस नहीं लाया जा सकता—या अगर अंपायर को लगता है कि गेंद खराब हो गई है और उसे बदलने की ज़रूरत है तो इस बारे में आखिरी फैसला लेने का अधिकार सिर्फ़ अंपायर के पास होगा। अक्सर ऐसा होता है कि कोई बल्लेबाज़ छक्का मारता है और गेंद स्टेडियम से बाहर चली जाती है, जिसे बाद में कोई दर्शक अपने साथ ले जाता है, ऐसे मामलों में, यह नया नियम लागू होगा। नियमों के मुताबिक, बदली गई गेंद की खासियतें (स्पेसिफिकेशन्स) बिल्कुल वैसी ही होनी चाहिए जैसी पहले इस्तेमाल हो रही गेंद की थीं।

### दूसरी पारी में 10 ओवर पूरे होने के बाद गेंद बदलना

इसके अलावा, एक दूसरा नियम यह भी है कि दूसरी पारी के दौरान, गेंदबाज़ी करने वाली टीम अंपायर से गेंद बदलने का अनुरोध कर सकती है। हालांकि, यह अनुरोध सिर्फ़ 10 ओवर पूरे होने के बाद ही किया जा सकता है। मैच की दूसरी पारी में गेंदबाज़ी करने वाली टीम को 10वें ओवर के बाद किसी भी समय गेंद बदलने की इजाज़त है, लेकिन इस विकल्प का इस्तेमाल पूरी पारी में सिर्फ़ एक बार ही किया जा सकता है। हालांकि, यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि यह खास नियम सिर्फ़ शाम के मैचों पर ही लागू होता है। इसलिए, जो मैच दोपहर 3:30 बजे (दिन के मैच) शुरू होने वाले हैं, उन पर गेंद बदलने का यह नियम लागू नहीं होगा। इस नियम की एक अहम बात यह है कि गेंद सिर्फ़ तभी बदली जा सकती है जब कोई ओवर पूरा हो चुका हो। चल रहे ओवर के बीच में गेंद नहीं बदली जा सकती।

**साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज**

# भारतीय महिला टीम का ऐलान, अनुष्का का डेब्यू



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुष्का शर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला के मैच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में होंगे। अनुष्का शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले गुजरात जाइंट्स ने 45 लाख रुपए में खरीदा था । बाईस वर्ष की यह खिलाड़ी पिछले महीने बैंकॉक में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत ए टीम की सदस्य थी।

### स्नेह, अमनजोत, कमलिनी को नहीं मिला मौका

आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही स्नेह राणा, अमनजोत कौर, कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। तेज गेंदबाज काशवी गौतम को हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम में शामिल किया गया है। यह श्रृंखला जून जुलाई में ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है ।

### भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स , दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, अरूंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रीचरणी, श्रेयांका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री, अनुष्का शर्मा ।

### भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कल

माले। भारत की अंडर 20 पुरुष फुटबॉल टीम सैफ चैंपियनशिप में भाग लेने पहुंच गई है और पहले मैच में गुरुवार को पाकिस्तान से खेलेगी। इस मैच के बाद ग्रुप बी में भारतीय टीम का सामना 28 मार्च को बांग्लादेश से होगा। दोनों मैच नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप ए में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी, जो एक अप्रैल को होगा। फाइनल तीन अप्रैल को खेला जाएगा। भारत के अंडर 20 मुख्य कोच महेश गवली ने कहा,' यह काफी अहम और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। सभी टीमें काफी प्रतिस्पर्धी है और हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

## यश दयाल नहीं खेलेंगे आईपीएल आरसीबी से रहेगा अनुबंध बरकरार

**बेंगलुरु।** विवादों में घिरे तेज गेंदबाज यश दयाल आगामी आईपीएल सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम से नहीं जुड़ेंगे, लेकिन फ्रेंचाइजी के साथ उनका अनुबंध जारी रहेगा। यह जानकारी टीम के क्रिकेट निदेशक बोबाट ने दी। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी पर कथित यौन शोषण के दो मामले दर्ज हैं। इसमें एक मामला नाबालिग से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आरसीबी के लिए 2025 आईपीएल फाइनल में खेलने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। आरसीबी ने उस फाइनल में जीत दर्ज कर पहली बार खिताब अपने नाम किया था।



**हमने अब तक उनका पूरा समर्थन किया: बोबाट**

बोबाट ने कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि यश टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे। वे इस समय व्यक्तिगत परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। हमने अब तक उनका पूरा समर्थन किया है और यह खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज करने के फैसले में भी दिखता है। उन्होंने कहा, हम उन्हें टीम में बनाए रखना चाहते थे और वे अनुबंध के तहत बने हुए हैं। निकट भविष्य में भी उनका अनुबंध जारी रहेगा। बोबाट ने बताया कि फ्रेंचाइजी ने उनके साथ संवाद बनाए रखा है। उन्होंने कहा, हम नियमित रूप से उनसे संपर्क में हैं।

# आरसीबी का भावुक फैसला, भगदड़ में जान गंवाने वाले की याद में पहनेंगे खास जर्सी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था।




### 28 मार्च को सनराइजर्स के खिलाफ पहला मैच

आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने कहा, ' मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी नंबर 11 लिखा होगा।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा उस दिन वे काले रंग के धूप के चश्मे भी पहनेंगे। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रहे हैं।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने किया 7 करोड़ रुपए का निवेश

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मेनन ने बताया कि फ्रेंचाइजी ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के अंदर और आसपास भीड़ प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह कदम पिछले वर्ष चार जून 2025 को टीम के आईपीएल खिताब जश्न के दौरान स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद उठाया गया है। इस घटना के बाद आरसीबी और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए बाध्य होना पड़ा था। मौजूदा आईपीएल सत्र में गत चैंपियन आरसीबी इस स्टेडियम में पांच मुकाबले खेलेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उद्घाटन मैच से होगी।*

**आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग: हरमनप्रीत 14वें और दीप्ति तीसरे नंबर पर पहुंची**

# स्मृति का जलवा बरकरार, हरमनप्रीत और दीप्ति को बढ़त

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं।

गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं।




### बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल जॉर्जिया

ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारुप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

# वासंतेय नवरात्र पर्व पर धार्मिक अनुष्ठानों की धूम

**जबलपुर।** वासंतेय नवरात्र पर्व पर शहर में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची हुई है। हर तरफ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे है लोग श्रद्धा और आस्था में गोते लगा रहे है। हर तरफ देवी के जयकारे गूंज रहे हैं। नौ दिनों का उपवास रखे श्रद्धालु पूजा-पाठ और उपासना में लीन हैं। शक्ति की उपासना पूरी भक्ति के साथ की जा रही है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब देवी मंदिरों में उमड़ रहा है। भजन-कीर्तन और देवी के जगराता के आयोजन भी प्रारंभ हो गये हैं। मठ मंदिरों को आकर्षक विद्युत छटाओं से सजाया गया है। श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गये हैं। नौ दिनों के उपवास रखने वाले भक्त सुबह शाम हवन पूजन और दुर्गा सप्तसती का पाठ कर रहे हैं। नगर के प्रसिद्ध देवी मंदिर देवालय, आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे हैं। मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल बना हुआ है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। आज सप्तमी पर मां देवी के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की जायेगी।

## भक्तों की लगी है कतार भवानी के दरबार
## महाकाली का सजा दरबार, भंडारा 7 अप्रैल को



श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ा फाटक कालीधाम का दरबार विद्युत छटाओं से जगमगा रहा है। सुबह से लेकर रात तक पूजन अर्चन करने भक्तों का तांता लगा हुआ है। समिति की ओर से बताया गया है कि नवरात्र पर्व के समापन उपरांत मंगलवार 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। सभी भक्तों से उपस्थिति की अपील की गई हैं।



## कष्टों का निवारण करती है पंचमहाआरती

बासन्तेय नवरात्रि के पावन पर्व पर बगलामुखी सिद्ध पीठश्री शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढाताल में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद के संयोजन भगवती बगलामुखी मैया की दिव्य पंच महाआरती आयोजित हुई। इस अवसर पर पंचमहाआरती की महिमा का वर्णन करते हुए सुबुद्धानंद महाराज ने बताया कि महाआरती सभी बाधाओं का निवारण करती है,धन धान्य,पुत्र, पौत्रों से समृद्ध यश आरोग्यता को प्रदान करती है। महाआरती में आचार्य राजेंद्र शास्त्री, महेश परसवानी, मधु यादव, एडवोकेट भावना निगम, मनोज सेन, सुरेश अवस्थी, नर्मदा शर्मा, श्रीमती नीता पटेल, पंकज दुबे, आदि उपस्थित थे।

# आई तुलजा भवानी मंदिर में चैत्र नवरात्र पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**जबलपुर।** न्यू भेड़ाघाट रोड स्थित त्रिशूल भेद में आई तुलजा भवानी मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य के बीच विराजमान आई भवानी के दिव्य एवं चमत्कारिक दर्शन के लिए भक्त बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और श्रद्धा भाव से पूजन-अर्चन कर मनोकामनाएं मांग रहे हैं। मंदिर संस्थान द्वारा 27 मार्च को हवन-पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

**TSP एवं SCSP के अंतर्गत प्रभावशाली एक्सपोजर विजिट-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम**

# किसानों को उन्नत एग्रोफॉरेस्ट्री तकनीकों और वैज्ञानिक नर्सरी प्रबंधन से कराया अवगत




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग द्वारा 24 मार्च, 2026 को टीएसपी एवं एससीएसपी योजनाओं के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को अग्रणी अनुसंधान संस्थानों और इकाइयों से प्रत्यक्ष परिचय कराना था। कार्यक्रम में किसानों को ICFRE, TFRI MP, SFRI, BISA फार्म, जैव उर्वरक इकाई और जनेकृविवि की उन्नत वन नर्सरी का भ्रमण कराया गया। किसानों को वैज्ञानिक नर्सरी प्रबंधन, पौध उत्पादन तकनीक और सतत कृषि प्रणालियों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों को ट्राइकोडर्मा पैकेट और नर्सरी पौधे भी वितरित किए गए, जिससे वे उन्नत तकनीकों को अपने खेतों में लागू कर सकें और कृषि वानिकी अपनाकर आय वृद्धि, मृदा स्वास्थ्य सुधार और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर सकें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोमनाथ सर्वदे ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. जयंत भट्ट, वानिकी विभागाध्यक्ष डॉ. अजय खरे और अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर सात दिवसीय आयोजन शुरू

## 25 से 31 मार्च तक खेल, पूजा, शोभायात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला




**जबलपुर।** 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सकल जैन श्वेतांबर समाज द्वारा 25 से 31 मार्च तक सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 31 मार्च को मुख्य जन्म कल्याणक पर्व मनाया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरुआत 25 व 26 मार्च को श्री महावीर प्रीमियर लीग से होगी, जिसमें सराफा धुरंधर, सदर स्ट्राइकर, गोरखपुर ग्लेशियर और नेपियर टाउन वारियर टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे। 27 मार्च को जिनालयों में स्नात्र पूजा व सामायिक होगी तथा रात्रि में फाइनल मैच आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति व जैन सोशल ग्रुप यूनिक द्वारा फन फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। 28 मार्च को वरिष्ठजनों का सम्मान, रक्त जांच शिविर व भजन संध्या होगी। 29 मार्च को प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 30 मार्च को मुनिसुब्रत स्वामी जिनालय से शोभायात्रा निकलेगी, जबकि 31 मार्च को शारदा टॉकीज गोरखपुर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र आलिजार सहित पदाधिकारियों ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।




# राम नाम संकीर्तन से गूंजी आदर्श नगर की गलियां

## श्री हनुमान मंदिर से निकली प्रभात फेरी, गुरुद्वारे में हुआ स्वागत

**जबलपुर।** राम नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में नर्मदा रोड स्थित आदर्श नगर के श्री हनुमान मंदिर से 24 मार्च की सुबह संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में शामिल भक्त राम नाम व राधे-राधे का संकीर्तन करते हुए पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे, जिससे आदर्श नगर की गलियां भक्तिमय माहौल से गूंज उठीं। विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा आदर्श नगर पहुंची, जहां सिख समाज द्वारा श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

**समाज के सशक्तिकरण, शिक्षा व रोजगार पर रहेगा विशेष फोकस**

# डॉ. अतुल मलिकराम बने राष्ट्रीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय रणनीतिकार



**जबलपुर।** राष्ट्रीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में अनुभव रखने वाले डॉ. अतुल मलिकराम को संगठन का राष्ट्रीय रणनीतिकार नियुक्त किया है। यह निर्णय उनके संगठनात्मक कौशल और सामाजिक विजन को देखते हुए लिया गया है। महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राघव पटेल एवं राष्ट्रीय सचिव कैलाश गौर ने बताया कि डॉ. मलिकराम का रणनीतिक दृष्टिकोण समाज के प्रमुख मुद्दों को आगे लाने में सहायक होगा। अपनी नियुक्ति पर डॉ. मलिकराम ने समाज को संगठित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए स्वरोजगार, उद्यमिता, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के नए अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विभिन्न राज्यों में फैले समाज को एक मंच पर लाने पर भी कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. मलिकराम लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और उनके योगदान को देखते हुए समाज के विभिन्न वर्गों ने उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है।

## रादुविवि कर्मचारी संघ चुनाव में मतदान आज

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर अंतिम क्षणों में बेहद सरगर्मी रही। संघ के चुनाव को लेकर आज 25 मार्च को मतदान होने जा रहा है। इस बार चुनाव मैदान में उतरे चेहरों से ज्यादा कही मुद्दे प्रभावी है। अध्यक्ष पद पर त्रिकोणी मुकाबला होने जा रहा है। चुनाव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रादुविवि परिसर में चुनावी सरगर्मी तेज रही। सभी प्रत्याशी जनसंपर्क में जुटे रहे। निर्वाचन के लिए रादुविवि में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान प्रक्रिया आज बुधवार को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। इस चुनाव में कुल 404 कर्मचारी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। विभिन्न पदों के लिए कुल 36 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान के तुरंत बाद मतगणना शुरु होगी और शाम तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि कर्मचारी संघ की कमान कौन संभालेंगा। इस बार अध्यक्ष पद को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला देखा जा रहा है। मैदान में संजय यादव, वीरेंद्र पटेल और प्रेम प्रकाश पुरोहित मुख्य दावेदार के रूप में उभरे हैं। चुनाव की घोषणा से पहले समीकरण कुछ और थे, लेकिन मतदान की तारीख नजदीक आते ही गठबंधन और समर्थन के नए दौर ने मुकाबले को रोचक बना दिया है। इसी तरह महासचिव पद के लिए भी कशमकश जारी है। पहले इस पद के लिए राजेंद्र शुक्ला की दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही थी, लेकिन अंकित श्रीवास्तव को विपक्षी गुटों का समर्थन मिलने के बाद स्थितियां बदल गई हैं। चुनाव में रीवा गुट और शहरी गुट के बीच सीधा टकराव महसूस किया जा रहा है, जिसमें पूर्व अध्यक्ष वंश बहोर पटेल एक बार फिर किंग मेकर की भूमिका में नजर आ रहे हैं।



# प्रभु गुहाराज निषाद जयंती: भव्य आयोजन में उमड़ा जनसैलाब

**जबलपुर।** प्रभु गुहाराज निषाद जयंती के अवसर पर निषाद समाज ट्रस्ट एवं राष्ट्रीय निषाद संघ (छत्तीसगढ़) के संयुक्त आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाज में जनजागरण, एकता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंच दिव्य ज्योति प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात श्वेत ध्वज फहराकर समाज की एकता और वैश्विक पहचान का संकल्प लिया गया। हवन पूजन संपन्न होने के बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसे विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के प्रति आस्था प्रकट करते हुए जल, जंगल और नदी संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। आयोजन स्थल पर विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण भी किया गया। सभा को संबोधित करते हुए आर. आर. नाविक, राजेन्द्र सिंह केवट और अन्य प्रमुख नेताओं ने निषाद समाज की एकता, शिक्षा और अधिकारों के लिए संगठित होने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किशनलाल मल्लाह, नीलम केवट, अशोक सौंधीया समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समापन आभार नीलम केवट द्वारा व्यक्त किया गया।

**एकता, संस्कृति और शिक्षा के संदेश के साथ हुआ कार्यक्रम**

# पश्चिम मध्य रेलवे में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

**महिला दिवस पर आयोजित समारोह में अर्चना खत्री ने किया सम्मान, प्रोत्साहन का संदेश**



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यालय एवं जबलपुर, भोपाल, कोटा मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 24 मार्च 2026 को रेल सौरभ ऑफिसर क्लब में आयोजित समारोह में पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा अर्चना खत्री ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया और महिलाओं को निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। वहीं सचिव रेनू गौतम ने भी महिलाओं को सशक्त बनकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। सम्मानित कर्मचारियों में नीलम वर्मा, दमयंती बाई, शशि प्रभा चौबे, शिखा दास, खुशबु, रूचि सिंह, निशिता कुमारी, स्वाति परौहा, रंजना मरावी, बहमनी तिर्की, सुधा शर्मा, मोहिनी बाई, श्वेता चौहान, साधना जोशी एवं संध्या पटेल शामिल रहीं। कार्यक्रम में संगठन की कोषाध्यक्ष शाहवार हाशमी, सहसचिव सारिका गुप्ता सहित अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।



# रामलला दर्शन के लिए जबलपुर से अयोध्या स्पेशल ट्रेन रवाना

## मदन महल स्टेशन पर गूंजे जय श्रीराम के जयघोष, जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

**जबलपुर।** रामलला के दर्शन हेतु जबलपुर से अयोध्या धाम के लिए स्पेशल ट्रेन भक्तिमय वातावरण में मदन महल रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। स्टेशन परिसर "जय श्री राम" के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।ट्रेन रवाना करने से पूर्व विधिवत देव पूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा की मंगलकामना की। भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालु उत्साहपूर्वक अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए, जबकि स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें विदाई दी।

**प्रधानमंत्री कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने आयोजित किया क्रॉम फेस्ट 2026**

# प्रतियोगिताओं, मॉडल प्रदर्शनी और वाद-विवाद के साथ छात्रों का हुनर बढ़ाने वाला कार्यक्रम



**जबलपुर।** शासकीय महाकोशल कॉलेज, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा क्रॉम फेस्ट 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ और सरस्वती वंदना का गायन छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि आशीष दुबे एवं पूर्व राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र जामदार ने छात्रों को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों में संतोष गोडबोले, रवि किरण साहू, प्राचार्य अलकेश चतुर्वेदी और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शुभांगी धगट ने अतिथियों का स्वागत पौधे एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। डॉ. जितेंद्र जामदार ने छात्रों को अथर्ववेद के मंत्रों से प्रोत्साहित किया, जबकि रवि किरण साहू ने छात्रों से कहा कि वे काम देने वाले बने, काम लेने वाले नहीं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मॉडल प्रदर्शनी, वाद-विवाद, प्रश्न मंच और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. चित्रा राय, डॉ. रंजना शर्मा, डॉ. रूपेंद्र गौतम और अन्य विभागीय सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैं माधवी सिराज खान पति सिराजुद्दीन खान निवासी म.नं. 298, प्रगति नगर तिलहरी, जबलपुर मध्यप्रदेश सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा विवाह 03/02/2013 को सिराजुद्दीन पिता डॉ. जमालुद्दीन से हुआ था । विवाह पूर्व मेरा नाम माधवी पटेल पिता गोविंद पटेल निवासी तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर था । विवाहोपरांत अब मैने परम्परानुसार अपना नाम माधवी पटेल के स्थान पर माधवी सिराज खान पति सिराजुद्दीन खान कर लिया है। अतः शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक एवं समस्त विभागों में मेरा नाम माधवी पटेल पिता गोविंद पटेल के स्थान पर माधवी सिराज खान पति सिराजुद्दीन खान पहचाना व माना जावे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं भोलाराम विश्वकर्मा पिता स्व. सीताराम मंगल विश्वकर्मा आयु 59 वर्ष निवासी खम्हरिया नीमखेड़ा टी एफ आर आई गौर नदी डी पी एस (स्कूल) के पास मंडला रोड जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उक्त पते का निवासी हूँ। मैं भारतीय रेल्वे का कर्मचारी हूँ मेरा पद एम सी एम टेक्नीशियन फिल्टर आपरेटर है तथा मेरा कर्मचारी क्रमांक. पी. एफ. नं 45206361584 है, विभाग इंजीनियरिंग एस एस ई वर्क्स जबलपुर है। मेरे रेल्वे के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम भोलाराम सीताराम दर्ज है। मेरे अन्य कानूनी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड नं 5000 0503 4468 पेन कार्ड नं AKEVP1224 D और बैंक पास बुक में मेरा नाम भोलाराम विश्वकर्मा BHOLARAM VISHWAKARMA दर्ज है । मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज नाम भोलाराम BHOLARAM और आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक पास बुक में दर्ज नाम भोलाराम विश्वकर्मा है BHOLARAM VISHWAKARMA एक ही व्यक्ति के नाम है। जो मैं स्वयं हूँ।

शपथकर्ता
भोलाराम विश्वकर्मा

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै लच्छो बाई पति सोनी लाल निवासी-63, ग्राम कूड़न आमाहिनौता जबलपुर म.प्र. की निवासी हूँ -यह कि मेरे परिचय पत्र में मेरा नाम लच्छो बाई दर्ज है तथा पूर्व के आधार कार्ड में मेरा नाम लच्चो बाई दर्ज है तथा वर्तमान के आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मी बाई चौधरी दर्ज हो गया है। यह कि मेरा सही नाम लच्छो बाई है तथा पूर्व के आधार कार्ड, लच्चो बाई एवं वर्तमान के आधार कार्ड में लक्ष्मी बाई दर्ज हो गया है जो कि गलत है। अतः मेरे द्वारा अपने समस्त दस्तावेजों में अपना सही नाम लच्छो बाई दर्ज कराना चाहती हूँ। इस बावत आवेदन प्रस्तुत है।

अतः मेरे समस्त शासकीय अशासकीय रिकार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा नाम लच्छो बाई दर्ज किए जाने बावत सूचना दी जा रही है।

जबलपुर, दिनांक

हस्ताक्षर
लच्छो बाई
निवासी-63, ग्राम कूड़न आमाहिनौता जबलपुर